Notes

Bachelor of Arts (B.A)

Semester -2nd

SEC- Political Science

United Nations:An Introduction

Paper Code- 24POL402SE01

Syllabus

Theory Marks -50

Unit 1: Evolution and growth of International Organization, league of Nations and UN System, Comparison Between League of Nations and UN System

Unit 2: Organs of the United Nations

Unit 3: Working of UN towards Peace: Peace Making, Peace Enforcement, Peace Building and Peace Keeping.

Unit 4: UN and Disarmament, Democratization of UN and India's claim for Permanent Seat, Assessment of UN.

Index

	Page No.
Unit-I	3-18
Unit-II	18-38
Unit-III	39-48
Unit-IV	48-65

Important Questions - In Last pages of the Document (1)

Unit-I

अन्तर्राष्ट्रीय संगठन का अर्थ एवं परिभाषाएं (Meaning and Definitions of International Organisation)–

साधारण शब्दों में, अन्तर्राष्ट्रीय संगठन स्वतन्त्र व संप्रभुत्ता सम्पन्न राज्यों का एक औपचारिक (Formal) समूह होता है जिसका निर्माण कुछ निश्चित लक्ष्यों की पूर्ति के लिए किया जाता है।

1. चार्ल्स लर्च (Charles Lurch, Junior) के शब्दों में, "कुछ सामान्य उद्देश्यों के लिए संगठित किए गए राष्ट्रों के औपचारिक समूह को अन्तर्राष्ट्रीय संगठन कहते हैं। स्वरूप में मित्रता के बावजूद उनका जन्म समान प्रेरक-तत्त्वों से होता है तथा उनके दर्शन और संगठन में महत्त्वपूर्ण समानता पाई जाती है।"

2. ईगलटन (Eagleton) के अनुसार, "अन्तर्राष्ट्रीय संगठन स्वतन्त्र राज्यों का वह संगठित औपचारिक समूह है, जिसको विश्व में शान्ति व व्यवस्था बनाए रखने तथा अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय के समान कल्याण में वृद्धि करने के उद्देश्य से स्थापित होता है।"

अन्तर्राष्ट्रीय संगठन का अभिप्राय सम्प्रभुत्ता प्राप्त राज्यों के एक ऐसे संगठन से है जिसका निर्माण राज्यों की इच्छानुसार होता है। यद्यपि इन राज्यों के दृष्टिकोण एक-दूसरे से भिन्न होते हैं, परन्तु वे अपने सामान्य हितों की रक्षा करने के लिए अपना एक संगठन बना लेते हैं। इस संगठन का उद्देश्य राष्ट्रों में परस्पर आर्थिक सहयोग, सांस्कृतिक एकता, सुरक्षा प्राप्ति और संचार व्यवस्था में प्रगति को बढ़ावा देना है।

अन्तर्राष्ट्रीय संगठन की प्रकृति या विशेषताएं (NATURE OR CHARACTERISTICS OF INTERNATIONAL ORGANISATION)

अधिकांश अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों में मुख्यतः निम्नलिखित विशेषताएं पाई जाती हैं :-

(1) सम्प्रभु राज्य सदस्य के रूप में (Sovereign States as members) - अन्तर्राष्ट्रीय संगठन की सदस्यता प्रायः सम्प्रभु राज्यों को प्राप्त होती है, न कि व्यक्तियों को। प्रतिनिधि सदस्य राज्य द्वारा नियुक्त किए जाते हैं और वे अपनी सरकार के निर्देशों के अनुसार ही अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों में अपने विचार प्रस्तुत करते हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ में सम्प्रभु राज्य ही शामिल किए जाते हैं,

(2) सदस्यों की समानता (Equality of members) - अन्तर्राष्ट्रीय संगठन की दूसरी मुख्य विशेषता यह होती है कि इसमें सभी सदस्य राज्यों को क्षेत्र, जनसंख्या, शक्ति व सम्पन्नता के भेदभाव के बिना, समान समझा जाता है। सभी सदस्यों को समानाधिकार व समान लाभ प्राप्त होते हैं। संयुक्त राष्ट्र में प्रत्येक सदस्य राज्य को केवल एक ही वोट देने का अधिकार प्राप्त है, परन्तु सुरक्षा परिषद् में समानता के सिद्धान्त को नहीं अपनाया गया है। सुरक्षा परिषद् में पांच शक्तिशाली राज्यों को स्थायी सदस्यता प्राप्त है और इन पांच सदस्यों को सभी महत्त्वपूर्ण निर्णयों पर वीटो (Veto) का प्रयोग करने का अधिकार प्राप्त है।

(3) बाध्यकारी शक्ति का अभाव (Lack of Binding Force) - अन्तर्राष्ट्रीय संगठन के पास प्रायः वैधानिक और कार्यकारिणी शक्तियों का अभाव होता है। अन्तर्राष्ट्रीय संगठन की कार्य विधियों का वर्णन चार्टर में स्पष्ट तौर पर किया जाता है। वर्णित क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत भी अन्तर्राष्ट्रीय एजेन्सी सदस्य राज्यों को अपने निर्णय मानने के लिए बाध्य नहीं कर सकती हैं। वे सदस्य सरकारों को सिफ़ारिश कर सकती है न कि आदेश दे सकती है। अपने निर्णयों को लागू करने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय संगठन या तो राज्यों के हितों पर निर्भर करते हैं या फिर जनमत पर निर्भर करते हैं।

(4) अन्तः सरकारी सहयोग (Inter-Governmental Collaboration) – अन्तर्राष्ट्रीय संगठन की एक अन्य महत्त्वपूर्ण विशेषता यह है कि वे अन्तः सरकारी सहयोग को उत्साहित करते हैं। वास्तव में अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों का मुख्य लक्ष्य-सहयोग उत्पन्न करना होता है।

(5) सामान्य हितों की प्राप्ति (Realisation of Common Interests) - अन्तर्राष्ट्रीय संगठन की स्थापना सदस्य राज्यों के द्वारा अपने सामान्य हितों को प्राप्त करने के उद्देश्य से की जाती है। उदाहरणस्वरूप विश्व शान्ति, सुरक्षा, सांस्कृतिक एकता सुव्यवस्था संचार व्यवस्था में प्रगति इत्यादि। यद्यपि अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों के रूप, आकार, उद्देश्यों आदि में भिन्नता देखने को मिलती है, परन्तु उनके जन्म के मूल में यही भावना काम करती है कि मानव सभी प्रकार के संघर्षों से दूर होकर एक बने रहे।

(6) अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों का संचालन (Conduct of International Relations) - अन्तर्राष्ट्रीय संगठन स्थायी अभिकरणों तथा प्रक्रियाओं के द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों को संचालित करता है। अन्तर्राष्ट्रीय संगठन अपने स्थायी अभिकरणों की सहायता से ही

अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों को संचालित करता है। उसे अन्तर्राष्ट्रीय दायित्व और प्राधिकार उसके सदस्यों राज्यों के द्वारा सौंपे जाते हैं।

(7) राष्ट्रीय हितों की वृद्धि (Promotion of National Interests) - अन्तर्राष्ट्रीय संगठन के द्वारा प्रत्येक सदस्य राज्य अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में राष्ट्रीय हितों की वृद्धि करने के लिए अपनी नीतियों तथा योजनाओं का समर्थन करता है। प्रभुसत्ता सम्पन्न तथा स्वतन्त्र राज्य अपने राष्ट्रीय हितों की वृद्धि करने के लिए अपनी-अपनी विदेश नीति का निर्माण करते हैं। वे उन नीतियों का समर्थन करने के लिए अनेक प्रकार के संगठनों को स्थापित करते हैं। उदाहरणस्वरूप भारत जैसे सामान्य उद्देश्यों वाले राज्यों के द्वारा असंलग्नता के समर्थन में निर्गुट राज्यों का एक संगठन बनाया हुआ है।

अन्तर्राष्ट्रीय संगठन का क्षेत्र (SCOPE OF INTERNATIONAL ORGANISATION)

अन्तर्राष्ट्रीय संगठन के अन्तर्गत निम्नलिखित विषयों का अध्ययन किया जाता है-

1. राज्य का अध्ययन (Study of State) अन्तर्राष्ट्रीय संगठन के अध्ययन का महत्त्वपूर्ण विषय राज्य है। अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में पाए जाने वाले विभिन्न संगठनों के सदस्य राज्य ही होते हैं, अतः राज्य का अध्ययन करना आवश्यक हो जाता है। अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों में राज्य को स्थिति, व्यवहार , स्थिति इत्यादि के विषय में अध्ययन किया जाता है।

2. अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों का अध्ययन (Study of International Relation) - अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों में अन्तर्राष्ट्रीय राजनीतिक एवं सम्बन्ध का अध्ययन किया जाता है। अन्तर्राष्ट्रीय राजनीतिक अथवा सम्बन्ध द्वारा हमारा यह जानने का उद्देश्य पूरा होता है कि निश्चित परिस्थितियों में व्यक्ति और राष्ट्र किस प्रकार का व्यवहार करते हैं और इस ज्ञान के आधार पर हम यह मालूम कर सकते हैं कि वांछित अन्तर्राष्ट्रीय व्यवस्था की स्थापना के लिए किन परिस्थितियों को प्रोत्साहित करना उचित है और किनको नहीं।

3. अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों का अध्ययन (Study of International Organisation)- अन्तर्राष्ट्रीय सगंठन का महत्त्वपूर्ण विषय अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पाए जाने वाले संगठन हैं। अतः यह विषय मुख्य रूप से अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों के अध्ययन से सम्बन्धित है। यह विषय राष्ट्र संघ, संयुक्त राष्ट्र संघ जैसे अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों का अध्ययन करता है। अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों के अध्ययन से हमें पता चलता है, कि इन संगठनों का निर्माण क्यों और कैसे किया गया था, इनका उद्देश्य क्या था? क्या ये अपने उद्देश्यों में सफल हुआ या नहीं, इनकी सफलता या असफलता का क्या कारण है, इत्यादि।

4. आर्थिक संगठनों का अध्ययन (Study of Economic Organisation)- अन्तर्राष्ट्रीय संगठन के अन्तर्गत राष्ट्र संघ, संयुक्त राष्ट्र संघ के अध्ययन के साथ-साथ विश्व में पाए जाने वाले आर्थिक संगठनों का भी अध्ययन किया जाता है, जैसे, अन्तर्राष्ट्रीय बैंक एवं अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, अन्तर्राष्ट्रीय वित्त निगम जैसे संगठनों का अध्ययन किया जाता है।

5. क्षेत्रीय संगठनों का अध्ययन (Study of Regional Organisation) अन्तर्राष्ट्रीय संगठन में क्षेत्रीय संगठनों का भी अध्ययन किया जाता है। जैसे इसमें आसियान, यूरोपीयन यूनियन, सार्क तथा औपक जैसे संगठनों का भी अध्ययन किया जाता है।

6. विशिष्ट एजेन्सियों का अध्ययन (Study of Specialised Agencies) - अन्तर्राष्ट्रीय संगठन के अन्तर्गत संयुक्त राष्ट्र के तत्वाधान में स्थापित विशिष्ट एजेन्सियों का भी अध्ययन किया जाता है, उदाहरण के लिए इसमें अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन, संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक, एवं सांस्कृति संगठन (यूनेस्को), विश्व स्वास्थ्य संगठन, खाद्य एवं कृषि संगठन, विश्व डाक संघ, संयुक्त राष्ट्र बाल आपात् कोष, अन्तर्राष्ट्रीय दूर संचार संघ, अन्तर्राष्ट्रीय अणु-शक्ति अभिकरण तथा शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त का अध्ययन किया जाता है।

7. सैनिक संगठनों का अध्ययन (Study of Military Organisation)- अन्तर्राष्ट्रीय संगठन के अन्तर्गत, अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों, आर्थिक संगठनों एवं क्षेत्रीय संगठनों के साथ-साथ सैनिक गठबन्धनों का भी अध्ययन किया जाता है। जैसे इसमें नाटो, सीटो, सैन्टो तथा वारसा पैक्ट जैसे सैनिक संगठनों का अध्ययन किया जाता है।

8. अन्तर्राष्ट्रीय सन्धियों एवं समझौतों का अध्ययन (Study of International Treaties and Agreements)-अन्तर्राष्ट्रीय संगठन के विषय क्षेत्र के अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय सन्धियों एवं समझौतों का भी अध्ययन किया जाता है। जैसे वियाना कांग्रेस (1815), पवित्र मैरी (1815), यूरोप की संयुक्त व्यवस्था (1815), हेग सम्मेलन (1899, 1907), एक्स एला चैपल कांग्रेस (1818), स्टाक होम सम्मेलन (1972), पृथ्वी सम्मेलन (1992) एवं रियो 20 सम्मेलन (2012) इत्यादि का अध्ययन शामिल है।

9. अन्तर्राष्ट्रीय गतिविधियों का अध्ययन (Study of International Activities)- यह विषय हर उस अन्तर्राष्ट्रीय गतिविधि का अध्ययन करता है जिसका प्रभाव अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पड़ता है।

अंतरराष्ट्रीय संगठनों की उत्पत्ति एवं विकास

वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय संगठनो का स्वरूप अचानक स्थापित नहीं हुआ है, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय संगठनो का विकास धीरे धीरे क्रमिक रूप से हुआ है। अंतरराष्ट्रीय संगठनों की उत्पत्ति एवं विकास को निम्नलिखित चरणों में बांट सकते हैं—

1. प्राचीन काल से लेकर 19वीं शताब्दी तक

2. 20वीं शताब्दी से लेकर वर्तमान तक

1. प्राचीन काल से लेकर 19वीं शताब्दी तक (प्राचीन काल में

प्राचीन भारत (Ancient India) - प्राचीन भारत में अंतरराष्ट्रीय संगठन तो नहीं थे, परंतु दूत प्रथा विद्यमान थी। महाभारत और रामायण के अध्ययन से ज्ञात होता है कि प्राचीन भारत में विवादों को हल करने के लिए दूत भेजे जाते थे और उनको राजनीतिज्ञों के विशेषाधिकार और उन्मुक्तियां (Privileges and Immunities) प्राप्त थीं। रामायण काल में अंगद, रावण के पास श्री राम के दूत बन कर और महाभारत काल में श्रीकृष्ण, पांडवों के दूत बन कर कौरवों के पास गए थे। सम्राट् अशोक ने धर्म विजय (Dharma Vijaya) का विचार देकर अन्तर्राष्ट्रीय चिन्तन का विकास किया। कलिंग के युद्ध के विनाश ने सम्राट् अशोक की आत्मा को बदल डाला और शस्त्र छोड़कर वह बौद्ध धर्म का उपासक बन गया।

यहूदी (Jews)- यहूदियों में उनके प्रदेश में निवास करने वाले विदेशियों के लिए वही कानून हुआ करते थे, जो उनके अपने लिए हुआ करते थे। यहूदियों में यह बात प्रसिद्ध थी कि "Love........the stranger : for Ye were strangers in the land of Egypt." हमें Old Testament के अध्ययन से पता चलता है कि यहूदियों में युद्ध के नियमों का पालन किया जाता था। वे युद्ध करने से पूर्व शान्तिपूर्वक साधनों द्वारा विवादों को हल करने का प्रयत्न करते थे। मैत्रीपूर्ण देशों के साथ यहूदियों के अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध थे। वे राजदूतों का आदान-प्रदान किया करते थे और विदेशों के साथ की गई सन्धियों का पालन करते थे।

यूनानी (Greeks) - यूनान के आरम्भिक काल में शांति, कल्याण और सुरक्षा स्थापित करने के लिए संगठन और सन्धियों की प्रथा चालू थी। पामर एवं परकिन्स (Palmer and Perkins) के शब्दों में, "सन्धियां, संगठन, कूटनीतिक व्यवहार और सेवाएं, पंच निर्णय तथा झगड़ों के शान्तिपूर्ण निपटारे के उपाय, युद्ध और शान्ति के नियम, संघ (Leagues) और परिसंघ (Confederation) तथा अन्तर-राज्यीय सम्बन्धों के नियमन के अन्य साधन उस समय अज्ञात नहीं थे यद्यपि उनका पर्याप्त प्रयोग होता था।"

यूनान में वाणिज्यिक सेवाओं (Consuler Services) का विकास हो चुका था और वाणिज्यिक तथा कूटनीतिक अधिकारियों (Consuler and Diplomatic Officers) को विशेष सुविधाएं प्रदान की जाती थीं।

अपने विवादों तथा मतभेदों को निपटाने के लिए यूनानी पंच निर्णय या विवाचन (Arbitration) का प्रयोग करते थे। ईसा से छठी शताब्दी पूर्व यूनानियों की एम्फिटायोनिक संघ (Amphityonic League) की स्थापना अन्तर्राष्ट्रीय एकता को उत्पन्न करने व युद्धों को रोकने हेतु की गई थी। इस संघ ने इस नियम का निर्माण किया कि युद्ध में घृणित साधनों का प्रयोग न किया जाए। एक अन्य महत्त्वपूर्ण परिसंघ (Confederation) , जो कि Achacan League of the Hellenese नाम से प्रसिद्ध है, यूनानियों ने स्थापना की। इस परिसंघ के लगभग 70 सदस्य राज्य थे जोकि पूर्ण रूप से स्वायत्त थे।

रोमन (Rommans) — रोमनों ने अन्तर्राष्ट्रीय संगठन के विकास में भिन्न प्रकार का योगदान दिया था। यद्यपि रौमनों के लिए अन्तर्राष्ट्रीय संगठन का विचार अपरिचित या विदेशी ही था तथापि उन्होंने वैधानिक, सैनिक और प्रशासनिक तकनीकी की दिशा में योगदान दिया और 'Jus-gentium' का वह आधार स्थापित किया जो आने वाली शताब्दियों के अन्तर्राष्ट्रीय कानून का एक उपजाऊ स्त्रोत बन गया। रोम में दो प्रकार के कानून थे। एक प्रकार के कानून केवल रोमनों पर लागू होते थे, जिन्हें 'Jus Circle' कहा जाता था और जो कानून विदेशियों पर लागू होते थे, उन्हें Jus-gentium कहा जाता था। Jus-gentium को बाद में Jus Naturale के विकास द्वारा मजबूत बनाया गया। रोमन सन्धियों का बड़ा आदर किया करते थे और सन्धियों को नोटिस द्वारा स्थगित किया जाता था। रोमन साम्राज्य की स्थापना के

साथ अन्य पड़ोसी राज्य इसमें सम्मिलित हो गए और इस प्रकार अन्तर्राष्ट्रीय संगठन के लिए कोई स्थान न रहा।

वैस्टफेलिया-कांग्रेस (The Congress of Westphalia) - 1648 अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों के विकास में बड़ा महत्त्वपूर्ण कदम था। यद्यपि इससे किसी अन्तर्राष्ट्रीय संगठन की स्थापना नहीं हुई तथापि इसका महत्त्व इस दृष्टि में था कि इस कांग्रेस में सैंकड़ों कूटनीतिज्ञ आए थे जो यूरोप के प्रत्येक राजनीतिक हित का प्रतिनिधित्व करते थे। इस कांग्रेस में विचार-विमर्श के बाद निर्णय लिए गए न कि किसी शक्तिशाली राष्ट्र द्वारा कमज़ोर राष्ट्र पर थोपे गए।

वियाना कांग्रेस 1815 (Congress of Vienna 1815) - वियाना कांग्रेस जिसका सम्मेलन सितम्बर, 1814 से जून, 1815 के बीच हुए अन्तर्राष्ट्रीय संगठन के विकास में महत्त्वपूर्ण कदम है। यह प्रथम अवसर था जबकि यूरोप में इतने बड़े अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया और इसमें यूरोप के प्रायः सभी प्रमुख राष्ट्रों ने भाग लिया। वेस्फेलिया व यूटेक्ट्र सम्मेलनों के विपरीत वियना कांग्रेस महत्त्वपूर्ण है क्योंकि यह सम्मेलन शान्ति के समय हुआ ताकि यूरोप के प्रत्येक राष्ट्र के दावे पर विचार किया जा सके। यद्यपि यह सम्मेलन यूरोप के भविष्य का निर्माण करने के लिए हुआ था। तथापि इस सम्मेलन में लिए गए निर्णय अन्तर्राष्ट्रीय विकास में अत्यधिक महत्त्वपूर्ण थे।

फ्रांस की सीमा को निर्धारित करने के अतिरिक्त विभिन्न देशों को उनके भू-भाग वापस कर दिए गए जिन पर कि नेपोलियन ने कब्ज़ा कर लिया था। स्विट्ज़रलैंड की तटस्था को बनाए रखा गया। सामाजिक-आर्थिक क्षेत्र में दास प्रथा को समाप्त करने के लिए प्रयास किए गए। अन्तर्राष्ट्रीय नदियों में विभिन्न राज्यों के जहाज़ों के आवागमन, समुद्रों के उपयोग, राष्ट्रों के बीच पारस्परिक व्यवहार आदि का नियमन करने का प्रयास किया गया। अल्पसंख्यकों व मानव अधिकारों की सुरक्षा के लिए भी प्रयास किया गए। इसके लिए जर्मनी को कहा गया कि वह यहूदियों का सिविल स्तर ऊंचा उठाए। वियाना कांग्रेस के महत्त्व को बताते हुए एलिसन फिलिप्स ने लिखा है कि, "इसके निर्णयों से सन् 1815 से 19वीं शताब्दी का राजनीतिक प्रभाव आरम्भ हुआ और सम्पूर्ण यूरोप के प्रमुख शासकों का नवीन समाज के निर्माण के लिए एकत्रित होना नवीन परम्परा का द्योतक था।" पामर और पर्किन्स (Palmer and Perkins) ने राय दी है कि "वियाना कांग्रेस में प्रतिनिधियों ने राजनीति और अन्तर्राष्ट्रीय व्यवस्था की आधारशिला रखी जिसने एक शताब्दी के लिए यूरोपीय और कुछ हद तक अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों को नियमित किया।"

हेग सम्मेलन (Hague Conferences) - यूरोप की संयुक्त व्यवस्था ने एक अत्यधिक व्यापक व्यवस्था के रूप में हेग-व्यवस्था को जन्म दिया। प्रथम हेग सम्मेलन 1899 ई० में और द्वितीय हेग सम्मेलन 1907 ई० में हुआ।

(1) 1899 का हेग सम्मेलन (Hague Conference of 1899) - प्रथम हेग सम्मेलन 18 मई, 1899 को बुलाया गया। यह सम्मेलन रूस के ज़ार, सम्राट्, निकोलस द्वितीय के प्रयासों के फलस्वरूप बुलाया गया। इस सम्मेलन में 26 राष्ट्रों ने भाग लिया। सम्मेलन का प्रमुख उद्देश्य राष्ट्रों के मध्य तनावों को दूर करना तथा शस्त्रों को सामान्य रूप से सीमित करना था।

प्रथम हेग सम्मेलन अपने प्राथमिक उद्देश्य-शस्त्रों को सामान्य रूप से सीमित करने में सफल नहीं रहा, फिर भी इस सम्मेलन में निम्नलिखित महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए गए-

(क) इस सम्मेलन में सदस्य राज्यों ने अन्तर्राष्ट्रीय विवादों को शान्तिपूर्ण ढंग से निपटाने के लिए पंच निर्णय की पद्धति पर जोर दिया। सम्मेलन में यह सिद्धान्त स्वीकार किया गया कि अन्तर्राष्ट्रीय विवादों को हल करने का सबसे प्रभावशाली तथा न्यायापूर्ण साधन पंच निर्णय है। अतः अन्तर्राष्ट्रीय विवादों को हल करने के लिए पंच निर्णय के स्थायी न्यायालय (Permanent Court of Arbitration) की स्थापना की गई।

(ख) हेग सम्मेलन में यह निर्णय लिया गया कि युद्ध के संचालन के लिए नियम और विनियम (Rules and Regulations) बनाए जाए।

(ग) स्थल युद्ध के लिए कुछ नियम निर्धारित किए गए।

(घ) समुद्री युद्ध के सम्बन्ध में जेनेवा अभिसमय को स्वीकार किया गया।

यद्यपि हेग सम्मेलन युद्ध करने के प्रत्येक राज्य के अधिकार पर प्रतिबन्ध नहीं लगा सका तथापि स्थल युद्ध के नियम निर्धारित करके इस सम्मेलन ने यह साबित कर दिया कि राष्ट्रों के सहयोग व सहमति से अन्तर्राष्ट्रीय कानून बनाए जा सकते हैं। फैन्विक (Fenwick) के शब्दों में, "यद्यपि यह सम्मेलन सामान्य सहमति द्वारा कानून निर्माण की सम्भावनाएं प्रदर्शित करने के मामले में महत्त्वपूर्ण था तथापि यह अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय के राजनीतिक ढांचे को मजबूत बनाने में असफल रहा।"

2. 20वीं शताब्दी से लेकर वर्तमान तक

(2) द्वितीय हेग सम्मेलन, 1907 (Second Hague Conference, 1907) - द्वितीय हेग सम्मेलन 1907 में हुआ। इस सम्मेलन में लैटिन अमेरिका के राज्यों को भी बुलाया गया। अतः द्वितीय हेग सम्मेलन में 44 राष्ट्रों ने भाग लिया, जबकि प्रथम हेग सम्मेलन में केवल 26 राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। द्वितीय हेग सम्मेलन के अध्यक्ष ने कहा था कि, "यह पहला अवसर है जब सभी सम्बद्ध राज्यों के प्रतिनिधि सामान्य हित तथा मानवता की भलाई के लिए विषयों पर विचार तरने के लिए इकट्ठे हुए हैं।" इस सम्मेलन में 13 अभिसमयों (Conventions) पर हस्ताक्षर किए गए। ये समझौते थे-स्थल युद्ध के नियम, तटस्थ राज्यों के अधिकार एवं कर्त्तव्य, युद्ध आरम्भ करने के नियम, युद्ध छिड़ने पर शत्रु के व्यापारिक जहाजों की स्थिति, व्यापारिक जहाजों को सशत्र जहाजों में परिणित करना, समुद्र के अन्दर सुरंगें बिष्ठछाना, युद्ध के समय युद्धपोतों द्वारा गोलाबारी के नियम, समुद्री युद्ध के नियम, अन्तर्राष्ट्रीय अधिग्रहण न्यायालय (International Prize Court) इत्यादि। इस सम्मेलन में 1899 में बनाई गई थल-युद्ध सम्बन्धी संहिता को संशोधन किया गया। यद्यपि इस सम्मेलन में एक अन्तर्राष्ट्रीय अधिग्रहण न्यायालय की स्थापना की व्यवस्था की गई, परन्तु इस सम्मेलन में यह निश्चित नहीं किया जा सका कि अधिग्रहण न्यायालय कानून के कौन-से सिद्धान्त लागू करेगा।

राष्ट्र संघ (लीग ऑफ नेशन्स) (League of Nations) - प्रथम महायुद्ध के पश्चात् मिस्र तथा सम्बद्ध राष्ट्रों और जर्मनी के बीच वर्साय की सन्धि 1919 को हुई। इसके द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति तथा सुरक्षा को बनाए रखने तथा अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग के विकास के लिए लीग ऑफ नेशन्स की स्थापना हुई। लीग ऑफ नेशन्स की संविदा के अनुच्छेद 14 के अनुसार अन्तर्राष्ट्रीय न्याय का स्थायी न्यायालय सन् 1921 में स्थापित किया गया। लीग ऑफ नेशन्स विश्व शान्ति को बनाए रखने में असफल रही और द्वितीय युद्ध के साथी ही व्यावहारिक रूप से इसका अंत हो गया, परन्तु सैद्धान्तिक रूप में इसकी अन्तिम बैठक अप्रैल, 1946 में हुई।

संयुक्त राष्ट्र संघ (The United Nations Organisation) - द्वितीय विश्व युद्ध के शुरू होने के साथ ही व्यावहारिक रूप से राष्ट्र संघ का अंत हो गया और अभी युद्ध चल ही रहा था कि राजनीतिज्ञों ने इस बात पर बल देना शुरू कर दिया कि अन्तर्राष्ट्रीय शन्ति को बनाए रखने के लिए अधिक प्रभावशाली अन्तर्राष्ट्रीय संगठन होना चाहिए। सैन फ्रांसिस्को (San-Francisco) में 25 अप्रैल से 26 जून, 1945 तक सम्मेलन चला जिसमें 50 राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और 26 जून, 1945 को संयुक्त राष्ट्र के चार्टर पर हस्ताक्षर किए गए। संयुक्त राष्ट्र का जन्म 24 अक्तूबर, 1945 को हुआ अब इसका चार्टर पांच मूल सदस्यों तथा बहुसंख्यक अन्य हस्ताक्षर करने वालों द्वारा सत्यांकित (Ratified) किया गया। आज मानव जाति की आशा संयुक्त राष्ट्र पर लगी हुई है और संयुक्त राष्ट्र के आजकल 193 सदस्य हैं।

राष्ट्र (LEAGUE OF NATIONS)

राष्ट्र संघ राष्ट्रसंघ के उद्देश्य (OBJECTIVES OF THE LEAGUE OF NATIONS)

10 जनवरी, 1920 ई० को राष्ट्रसंघ की स्थापना की गई। राष्ट्रसंघ की स्थापना अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग में वृद्धि करने एवं अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति तथा सुरक्षा को बनाए रखने के लिए की गई थी।

राष्ट्रसंघ की प्रस्तावना और 26 धाराओं के आधार पर हम कह सकते हैं कि राष्ट्रसंघ के **मुख्य उद्देश्य** निम्नलिखित थे-

(1) अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति और सुरक्षा को बनाए रखना।

(2) अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग को प्रोत्साहित तथा विकसित करना।

(3) अन्तर्राष्ट्रीय झगड़ों को शान्तिपूर्ण तरीकों से निपटाना।

(4) राष्ट्रों के मध्य सद्भावना की उत्पत्ति करना तथा राष्ट्रों में मेल-जोल बढ़ाना।

(5) विभिन्न देशों को निःश्स्त्रीकरण के लिए प्रोत्साहित करना।

राष्ट्रसंघ की सदस्यता (MEMBERSHIP OF THE LEAUGE OF NATIONS)

राष्ट्रसंघ की संविदा की प्रथम धारा सदस्यता से सम्बन्धित है। इसके अनुसार राष्ट्रसंघ के सदस्य वे राष्ट्र होंगे जो संविदा के अनुबंधन में तो प्रारम्भिक सदस्य के रूप में वर्णित हों अथवा ऐसे राष्ट्र होंगे जिन्हें सदस्यता प्राप्त करने के लिए विशेष रूप से आमन्त्रित किया गया हो। इन दोनों प्रकार के सदस्यों के अतिरिक्त राष्ट्रसंघ की सभा किसी भी स्वतन्त्र राज्य, डोमिनियम या उपनिवेश को दो-तिहाई बहुमत से राष्ट्रसंघ की सदस्य बना सकती थी जिन्हें प्रविष्ट सदस्य कहा जाता था।

जिस समय राष्ट्रसंघ की प्रथम बैठक हुई उस समय केवल 42 राज्यों के प्रतिनिधि इसमें उपस्थित थे। धीरे-धीरे राष्ट्रसंघ की सदस्य संख्या बढ़ती गई और 1935 में इसकी संख्या अधिकतम राष्ट्रसंघ की 62 थी। 1926 में जर्मनी तथा 1934 में रूस को प्रतिनिधित्व दिया गया था। परन्तु जब अप्रैल, 1946 में राष्ट्रसंघ की अन्तिम बैठक हुई तो उस समय इसके केवल 43 सदस्य रह गए थे और इनमें से केवल 34 राष्ट्रों के प्रतिनिधियों ने बैठक में भाग लिया। संसार के केवल 6 राष्ट्र ऐसे थे जिन्होंने राष्ट्रसंघ का सदस्य बनने के लिए कभी प्रार्थना-पत्र नहीं भेजे। इनके नाम हैं-सऊदी अरब, यमन, ओमान, नेपाल, मंचूको और अमेरिका।

राष्ट्रसंघ का मुख्यालय (HEAD-QUARTER OF THE LEAGUE OF NATIONS)

राष्ट्रसंघ की प्रसंविदा के अनुच्छेद-7 के अनुसार राष्ट्रसंघ का मुख्यालय **स्विट्ज़रलैण्ड की राजधानी जेनेवा** में निश्चित किया गया।

राष्ट्रसंघ का संगठन (ORGANISATION OF LEAGUE OF NATIONS)

राष्ट्र संघ की संविदा (Convenant) की धारा 2 से लेकर धारा 7 तक इसके संगठन का उल्लेख किया गया है जिसमें राष्ट्रसंघ के तीन अंगों का वर्णन है-

(1) सभा (The Assembly), (2) परिषद् (The Council), (3) सचिवालय (The Secretariat) उपर्युक्त अंगों के अतिरिक्त कुछ सहायक अंगों की स्थापना की गई जो, इसलिए थे-

(i) अन्तर्राष्ट्रीय स्थायी न्यायालय (Permanent Court of International Justice) (ii) अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (International Labour Organisation)

1. राष्ट्र संघ की सभा (THE ASSEMBLY OF LEAGUE OF NATIONS)

राष्ट्रसंघ की संविदा की धारा 3 तथा 5 में सभा के उद्देश्य, संगठन और कार्य क्षेत्र का वर्णन किया गया है।

सदस्यता (Membership)- सभा में राष्ट्रसंघ के सभी सदस्य राष्ट्रों को शामिल किया जाता था। 1935 में राष्ट्रसंघ के सदस्यों की कुल संख्या 62 थी। इस तरह सभा के सदस्य भी 62 थे। प्रत्येक सदस्य राष्ट्र को अपने तीन प्रतिनिधि सभा में भेजने का अधिकार था, परन्तु किसी विषय पर मतदान के समय प्रत्येक राष्ट्र को केवल एक ही मत देने का अधिकार था।

सभापति एवं उप-सभापति (President and Vice-President) - सभा की बैठकों की कार्यवाही को सही ढंग से चलाने के लिए सभा की बैठक आरम्भ होने से पूर्व ही सभा अपना अध्यक्ष चुनती थी। अध्यक्ष प्रायः छोटे राष्ट्र के प्रतिनिधियों में से चुना जाता था। सभापति एक महत्त्वपूर्ण व्यक्ति होता था और उसके चुनाव में उसकी योग्यता और उसकी राजनीतिक सूझबूझ को सामने रखा जाता था। सभापति के अतिरिक्त सभा अपने सदस्यों में से ही आठ उप-सभापतियों का चुनाव भी करती थी। सभा के प्रमुख अधिकारियों में एक सभापति, आठ उप-सभापतियों के अतिरिक्त प्रमुख समितियों के साथ सभापति (Chairmen) होते थे जो स्वतः उपाध्यक्ष कहे जाते थे।

अधिवेशन (Session)- सभा की बैठक प्रत्येक वर्ष जेनेवा में तीन सप्ताह के लिए सितम्बर माह में होती थी। परन्तु आवश्यकता पड़ने पर अधिवेशन कभी भी बुलाए जा सकते थे। सभा का प्रथम अधिवेशन 15 नवम्बर, 1920 को आरम्भ हुआ और सभा का अन्तिम अधिवेशन 6 से 18 अप्रैल, 1946 तक चला था जिसमें यह निर्णय किया गया कि राष्ट्रसंघ को समाप्त किया जाए।

सभा की समितियां (Committees of Assembly) - जिस प्रकार सभी देशों के विधानमण्डल अपना अधिकतर कार्य विभिन्न समितियों की सहायता से करते हैं उसी प्रकार राष्ट्रसंघ की सभा भी अपना अधिकतर कार्य अपनी समितियों की सहायता से करती थीं। सभा की **मुख्यतः छः समितियां** थीं, जोकि निम्नलिखित हैं-

1. राजनीतिक मामलों सम्बन्धी समिति, 2. तकनीकी संगठनों सम्बन्धी समिति,

3. सामाजिक मामलों सम्बन्धी समिति,   4. बजट व आन्तरिक शासन समिति,

5. निःशस्त्रीकरण सम्बन्धी समिति,   6. संवैधानिक और कानूनी मामलों की समिति।

मतदान पद्धति (Procedure of Voting)- संविदा के अनुसार सभा का कोई भी निर्णय बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को आम राय से लिया जाता था। इसका अर्थ यह था कि सभी सदस्य यदि किसी विषय पर एकमत है तब ही सभा कोई निर्णय ले सकती थी। दूसरे शब्दों में, सभा में मतैक्य के सिद्धान्त (Principle of Universality) को अपनाया गया था। इस तरह से सभा के प्रत्येक सदस्य राष्ट्र को निषेधाधिकार प्रदान किया गया था। यदि किसी विषय पर कोई छोटा सा भी राज्य सहमत नहीं होता था तो निर्णय लेने में बहुत कठिनाई आती थीं।

सभा में मतदान की चार पद्धतियां प्रचलित थीं-

1. कुछ विषयों पर निर्णय सर्वसम्मति से लिए जाते थे।

2. कुछ विषयों पर 2/3 मत से निर्णय होता था।

3. कुछ विषयों पर निर्णय पूर्ण बहुमत से किया जाता था।

4. कुछ विषयों पर निर्णय साधारण बहुमत से हो सकता था।

भाषाएं (Languages)- सभा का कार्य केवल अंग्रेजी तथा फ्रेंच भाषा में ही होता था जिसके लिए दोनों भाषाओं के द्विभाषिए यहां सदैव उपस्थित रहते थे।

राष्ट्र संघ सभा की शक्तियां एवं कार्य (POWERS AND FUNCTIONS OF THE ASSEMBLY)

सभा का क्षेत्राधिकार बहुत विस्तृत था क्योंकि राष्ट्रसंघ की संविदा में कहा गया था कि सभा वह सभी कार्य करेगी जोकि राष्ट्रसंघ के क्षेत्राधिकार में आते हैं और वह विश्व शान्ति से सम्बन्धित हो। राष्ट्रसंघ की सभा को संविदा की धारा 3 के अनुसार निम्नलिखित कार्य सौंपे गए थे-

1. अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति व सुरक्षा (International Peace and Security)- राष्ट्रसंघ की स्थापना का मुख्य उद्देश्य विश्व शान्ति व सुरक्षा को बनाए रखना था। राष्ट्र संघ की सभा विश्व संसद् की भान्ति कार्य करती थीं। सभा विश्व से युद्धों, मतभेदों तथा तनावों को दूर करने में मदद देती थी और विश्व शान्ति का मार्ग प्रशस्त करती थीं।

2. निरीक्षणात्मक कार्य (Supervisory Functions)- सभा को राष्ट्रसंघ की केन्द्रीय संस्था होने के कारण उसके कार्यों पर सामान्य निरीक्षण रखने का अधिकार प्राप्त था। सभा परिषद् के कार्यों की देखभाल करती थी, औद्योगिक संस्थाओं के कार्यों का निरीक्षण करती थी, शासनादेश प्रदेशों तथा अल्पसंख्यकों की समस्याओं पर विचार-विमर्श करती थी। राष्ट्रसंघ का महासचिव अपना वार्षिक प्रतिवेदन सभा में ही पेश करता था। इससे सभा को राष्ट्रसंघ के अन्य अंगों के कार्यों का निरीक्षण करने व उनकी आलोचना का अधिकार मिल जाता था।

3. निर्वाचन सम्बन्धी कार्य (Electoral Functions)- सभा कुछ निर्वाचन सम्बन्धी कार्य भी सम्पन्न करती थी। उसके निर्वाचन सम्बन्धी कार्य निम्नलिखित थे-

(i) नए सदस्यों को प्रवेश की अनुमति 2/3 मतों से देना।

(ii) परिषद् के 9 अस्थायी सदस्यों में से एक तिहाई सदस्यों का निर्वाचन प्रति वर्ष करना।

(iii) प्रति 9 वर्ष के लिए परिषद् की सहमति से अन्तर्राष्ट्रीय न्याय के स्थायी न्यायालय के लिए 15 न्यायाधीशों का चुनाव करना।

(iv) राष्ट्रसंघ के महासचिव का नाम परिषद् द्वारा प्रस्तावित होता था, परन्तु सभा की सहमति मिलने पर ही उसकी नियुक्ति होती थी। इस तरह सभा को निर्वाचन सम्बन्धी काफ़ी अधिकार प्राप्त थे।

4. विचारात्मक कार्य (Deliberative Functions)- सभा को वास्तविक अर्थों में विचार-विमर्श करने वाली संस्था कहा जा सकता था। एक विचारात्मक संस्था के रूप में इसका कार्य क्षेत्र काफी विस्तृत था। सभा उन समस्त विषयों पर विचार कर सकती थी जिनका सम्बन्ध अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति एवं सुरक्षा से था।

5. कानून निर्माण तथा संशोधन सम्बन्धी कार्य (Legislative and Constituent Functions) सभा राष्ट्रसंघ की विधान निर्मात्री संस्था थी। राष्ट्रसंघ की प्रसंविदा के अनुच्छेद 26 के अनुसार उसमें संशोधन करने का अधिकार इसे प्राप्त था। सभा राष्ट्रसंघ की प्रसंविदा के नियमों को इस ढंग से संशोधित करती थी कि वह परिषद् को सर्वसम्मति से स्वीकृत हो और प्रभावित सदस्य देशों की रुचि के अनुकूल हो सके। कानून निर्मात्री संस्था होने के कारण कई बार इसने अन्तर्राष्ट्रीय सन्धियों और समझौतों के निर्माण में रुचि ली।

6. वित्तीय कार्य (Financial Functions)- वित्तीय क्षेत्र में राष्ट्रसंघ के बजट को स्वीकृति देना सभा का प्रमुख कार्य था। राष्ट्रसंघ का महासचिव संघ के विभिन्न अंगों व उनके विभागों के प्रधानों से विचार-विमर्श करके वार्षिक आय-व्यय का ब्यौरा तैयार करता था। सभा ही जनसंख्या, क्षेत्रफल और राष्ट्रीय आय के अनुपात से ही सदस्य राष्ट्रों द्वारा दिए जाने वाले चन्दे की राशि को निर्धारित करती थी। महासचिव द्वारा प्रस्तुत बजट को सभा ही निर्धारित करती थी।

7. निःशस्त्रीकरण सम्बन्धी कार्य (Function regarding Disarmaments) अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति और सहयोग की स्थापना के लिए सामान्य सभा का एक कार्य युद्ध को भड़काने वाले तत्त्वों को दूर करना तथा हथियारों की होड़ को रोककर निःशस्त्रीकरण को दूर करना था। सभा द्वारा नियुक्त निःशस्त्रीकरण समिति का यह प्रमुख कार्य था।

8. संरक्षण पद्धति का संचालन व अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा — राष्ट्रसंघ की सभा कुछ संरक्षण सम्बन्धी व अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा सम्बन्धी कार्य भी करती थी। राष्ट्रसंघ ने इसे यह अधिकार दिया हुआ था कि टर्की व जर्मनी के उपनिवेशों के आर्थिक सामाजिक विकास सम्बन्धी न्यासी कार्य सभा करेगी। प्रथम विश्व युद्ध के बाद एक अन्य प्रमुख समस्या 3 करोड़ यूरोपीय अल्पसंख्यकों की थी जिनके अधिकारों की रक्षा करना सभा का उत्तरदायित्व था। जर्मनी व पोलैण्ड पर यह शर्ते विशेष रूप से लागू की गई थीं क्योंकि यह देश अल्पसंख्यकों पर बहुत अत्याचार करते थे।

2. राष्ट्र संघ की परिषद् (THE COUNCIL OF LEAGUE OF NATIONS)

परिषद् राष्ट्रसंघ का दूसरा महत्त्वपूर्ण अंग थी। राष्ट्रसंघ की प्रसंविदा की धारा 5 व 6 में परिषद् के संगठन तथा कार्यों का वर्णन किया गया था। यह राष्ट्रसंघ की कार्यकारिणी थी और राष्ट्रसंघ के निर्माताओं ने इसे अधिक-से-अधिक शक्तियां व अधिकार देने का प्रयास किया। यह संघ की छोटी, परन्तु सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण संस्था परिषद् की कुछ विशेषताएं थीं जोकि इसे सभा से अलग बनाती थी जैसे कि महान् शक्तियां इसकी स्थाई सदस्य थीं, इसकी सदस्य संख्या सीमित थी, इसके अधिवेशन समय-समय पर होते रहते थे आदि। इसीलिए अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति और सुरक्षा के विरुद्ध पैदा हुए खतरों को रोकने के लिए कई उत्तरदायित्व सौंपे गए थे।

संगठन (Composition)- राष्ट्रसंघ की प्रसंविदा के अनुच्छेद 4 में परिषद् के संगठन की व्यवस्था की गई थी। परिषद् में दो तरह के सदस्य होते थे स्थाई सदस्य व अस्थायी सदस्य। स्थाई सदस्यों में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, इटली व जापान को शामिल किया गया। इन पांच स्थाई सदस्यों के अतिरिक्त परिषद् में पांच अस्थाई सदस्यों की भी व्यवस्था की गई। इनका चुनाव निश्चित अवधि के लिए सभा द्वारा किया जाता था। सभा को यह अधिकार दिया गया था कि वह समय-समय पर परिषद् के लिए छोटे राष्ट्रों में से अपनी इच्छानुसार प्रतिनिधि निर्वाचित करें। 1920 में यूनानी, ब्राजील, स्पेन और वैल्जियम को परिषद् का अस्थाई सदस्य बनाया गया। इस तरह मूलतः परिषद् में 5 स्थाई और 4 अस्थाई सदस्यों की व्यवस्था की गई।

मतदान प्रणाली (Voting Procedure)- परिषद् की मतदान प्रणाली का वर्णन संघ की प्रसंविदा की धारा 5 में किया गया था। प्रक्रिया सम्बन्धी प्रस्ताव सामान्य बहुमत से पारित किए जाने की व्यवस्था की गई थी। प्रस्ताव पर सर्वसहमति होना आवश्यक था। अर्थात् परिषद् के किसी भी निर्णय पर उपस्थित सदस्यों की आम सहमति होना आवश्यक था। इस तरह से परिषद् के प्रत्येक सदस्य को निषेधाधिकार दिया गया था। उपस्थित न होने वाले सदस्य के मत को गिना नहीं जाता था। परिषद् में एक राज्य का एक ही प्रतिनिधि होता था। अनुच्छेद 15 के अनुसार बहुमत से निर्णय लेने को व्यवस्था की गई थी।

अधिवेशन (Session)- परिषद् राष्ट्रसंघ की मन्त्रिपरिषद् के समान थी। प्रसंविदा के अनुसार यह निश्चित किया गया था कि परिषद् की

बैठक समय-समय पर या साल में एक बार अवश्य हुआ करेगी। परन्तु व्यवहार में इसकी बैठकें चार बार अवश्य होती थीं। इसके अतिरिक्त राष्ट्र संघ की प्रसंविदा की पारा 11 के अनुसार संकट के समय महासचिव परिषद् की बैठक कभी भी बुला सकता था। परिषद् के प्रत्येक राष्ट्र को एक मत व एक प्रतिनिधि भेजने का अधिकार था। परिषद् के सभी सदस्य 24 घण्टे बैठक में उपस्थित होने के लिए तैयार रहते थे।

सभापति (Chairman)- परिषद् का सभापति प्रत्येक अधिवेशन के समय बदल जाता था। परिषद् के सभापति का चुनाव फ्रांसीसी वर्णमाला के पहले अक्षर के द्वारा प्रत्येक अधिवेशन में होता था। परन्तु कुछ मामलों में इस विधि का पालन नहीं किया जाता था।

परिषद् के कार्य व शक्तियां (POWERS AND FUNCTIONS OF THE COUNCIL)

परिषद् राष्ट्र संघ का महत्त्वपूर्ण अंग थी। परन्तु इसके कार्य स्पष्ट नहीं थे। इसका कार्य क्षेत्र भी उतना ही व्यापक था जितना कि सभा का। परिषद् को मुख्य रूप से दो कार्य करने पड़ते थे। प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग के विकास के लिए प्रशासकीय निकाय सम्बन्धी कार्य और द्वितीय विवादों के शान्तिपूर्ण हल के लिए मध्यस्य सम्बन्धी कार्य। इनका विस्तृत वर्णन इस प्रकार है-

1. प्रशासकीय कार्य (Administrative Functions)- राष्ट्रसंघ के सभी प्रशासकीय कार्य परिषद् ही करती थी। यह राष्ट्रसंघ की कार्यकारिणी थी। इसके प्रशासकीय कार्य निम्नलिखित हैं-

(i) नियुक्तियां (Appointments)- परिषद्, सचिवालय की सभी तरह की नियुक्तियां करती थी। राष्ट्रसंघ के महासचिव की नियुक्ति सभा की सहायता से परिषद् करती थी। विभिन्न प्रकार की विशेष समितियों की नियुक्तियां परिषद् ही करती थी और विभिन्न राज्यों का प्रतिनिधित्व यह स्वयं निर्धारित करती थी।

(ii) प्रशासन सम्बन्धी कार्य (Functions regarding Administration)- प्रथम विश्व युद्ध के पश्चात् राष्ट्रसंघ को कुछ 'क्षेत्रों पर प्रशासन करने का उत्तरदायित्व सौंपा गया था। राष्ट्रसंघ इन क्षेत्रों पर प्रशासन परिषद् के माध्यम से करती थीं, जिन क्षेत्रों पर प्रशासन का कार्य परिषद् को सौपा गया था उनमें सार घाटी व डैन्जिग नगर प्रमुख हैं। इसके लिए एक शासी आयोग की स्थापना की गई थी।

(iii) अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा (Security of Minorities Rights)- राष्ट्रसंघ ने जर्मनी, पोलैण्ड व यूरोप के अन्य भागों में रहने वाले अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा का दायित्व परिषद् को सौंपा था। इस सम्बन्ध में कोई भी निर्णय लेने का अधिकार परिषद् को प्राप्त था।

(iv) शासनादिष्ट आयोग (Mandate Commission)- राष्ट्रसंघ की परिषद् ही स्थाई शासनादिष्ट आयोग के सदस्यों का गठन करती थी। परिषद् आयोग द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदनों पर भी विचार करती थी। इसके लिए यह विभिन्न समितियों का गठन करती थी, परन्तु इस सम्बन्ध में वास्तविक शक्तियां सभी के पास थी।

(v) निःशस्त्रीकरण आयोग का गठन (Composition of Disarmaments Commission)- राष्ट्रसंघ की धारा 8 के अन्तर्गत अस्त्रों-शस्त्रों को कम करने के लिए परिषद् विभिन्न देशों की सरकारों से विचार-विमर्श करती थीं। परिषद् की सहायता के लिए राष्ट्रसंघ में एक स्थाई निःशस्त्रीकरण समिति की भी व्यवस्था की गई थी। यह समिति सैनिक, नौ-सैनिक और हवाई युद्ध सम्बन्धी प्रश्नों के सम्बन्ध में परिषद् को सलाह देती थीं।

2. मध्यस्थता सम्बन्धी कार्य (Mediatory Functions)- राष्ट्रसंघ की स्थापना का मुख्य उद्देश्य विश्व शान्ति व सुरक्षा की स्थापना करना था। इसके लिए वह कई कदम उठा सकती थी। इनमें प्रमुख थे-बातचीत द्वारा, मध्यस्थता, पंच निर्णय, सैनिक कार्यवाही आदि। अन्तर्राष्ट्रीय विवादों को सुलझाने के लिए मध्यस्थता की भूमिका अदा करना एक महत्त्वपूर्ण कार्य था। राष्ट्रसंघ की प्रसंविदा के अनुच्छेद 10 से 17 तक में विश्व शान्ति और युद्ध से बचाव के लिए कई व्यवस्थाएं की गई थीं जिनका वर्णन निम्नलिखित है-

(i) अनुच्छेद 12 के अनुसार, "राष्ट्रसंघ सदस्य या गैर-सदस्य राष्ट्रों के मध्य उत्पन्न होने वाले झगड़ों के हल के लिए परिषद् के माध्यम से कुछ कदम उठा सकता है। वह आपसी बातचीत, मध्यस्थता सम्मेलन या न्यायालय के द्वारा शान्तिपूर्ण ढंग से अपने विवादों का हल कर सकते हैं।"

(ii) अनुच्छेद 13 के अनुसार, "यदि सदस्य राष्ट्रों के बीच कोई विवाद पैदा हो जाए जिससे आपसी सम्बन्धों में कटुता आ जाए और

न्यायिक निर्णयों की अवहेलना कर दी जाए तो ऐसे मामले को वह परिषद् को सौंप सकते हैं।"

(iii) कुछ विवादों का हल निकालने के लिए परिषद् सम्बन्धित विवाद को सभा के समक्ष पेश कर सकती थी।

(iv) अनुच्छेद 15 के अनुसार, "राष्ट्रसंघ की परिषद् आने वाले विवाद की पहले जांच पड़ताल करती है कि वह विवाद आन्तरिक है या बाहरी। यदि वह विवाद आन्तरिक है तो परिषद् कोई कार्यवाही नहीं कर सकती है।"

3. यदि कोई राष्ट्र, राष्ट्रसंघ के निर्णयों की अवहेलना करता था तो परिषद् में उस स्थिति में उस राष्ट्र के विरुद्ध आर्थिक पाबन्दी लगाने तथा आवश्यकता पड़ने पर सैनिक कार्यवाही करने की व्यवस्था की गई थी। परिषद् की यह कार्यवाही सबसे महत्त्वपूर्ण कार्यवाही थीं।

3. सचिवालय (SECRETARIAT)

सचिवालय संघ की कार्यविधियों को संचालित करने वाला तीसरा महत्त्वपूर्ण अंग था। इसका स्थायी कार्यालय जेनेवा में था। इसका अध्यक्ष एक महासचिव होता था जिसकी नियुक्ति संघ की परिषद् द्वारा की जाती थी तथा परिषद् के परामर्श से अपने सहायक कर्मचारियों की नियुक्ति करता था। इसका व्यय, राष्ट्रसंघ के व्यय में ही सम्मिलित किया जाता था। यद्यपि सचिवालय के कर्मचारी विभिन्न राज्यों से लिए जाते थे, परन्तु कार्य करते समय उन्हें राष्ट्रसंघ के सचिवालय के प्रति उत्तरदायी होना पड़ता था। इस प्रकार वे राष्ट्रीयता की भावना से ऊपर उठकर अन्तर्राष्ट्रीयता (Internationalism) की भावना से कार्य करते थे। सचिवालय के महासचिव के पद को तीन व्यक्तियों ने ही सुशोभित किया था। प्रथम थे- ब्रिटिश असैनिक सेवा के अधिकारी श्री जेम्स एरिक डूमण्ड (James Eric Drummond) जिसने अपनी योग्यता के आधार पर 13 वर्ष तक इस पद पर कार्य किया। द्वितीय महासचिव जोसेफ एवेनेल (फ्रांस) थे, जिन्होंने 7 वर्ष (1933-40) तक कार्य किया तथा अन्तिम महासचिव सीनलेस्टरे (आयरलैण्ड) थे, जिन्होंने 6 वर्ष तक (1940-46) इस पद पर कार्य किया।

महासचिव के कार्य व उनकी भूमिका (Functions and Role of the Scretary General) — महासचिव सचिवालय की शक्ति का केन्द्र था। वह राष्ट्रसंघ के सभी कार्यों का संचालन करता था।

प्रो० लॉस्की (Prof. Laski) ने राष्ट्रसंघ के महासचिव के निम्नलिखित कार्य बताए हैं-

(1) महासचिव सभा और परिषद् की बैठकों के दौरान लिए गए निर्णयों को लेखबद्ध करता था।

(2) वह विवाद के किसी भी पक्ष द्वारा विवाद के अस्तित्व की सूचना प्राप्त करता था और उसकी पूरी जांच व विचार-विमर्श के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करता था।

(3) वह परिषद् की सहमति पर सचिवालय के पदाधिकारियों की नियुक्ति करता था।

(4) महासचिव राष्ट्रसंघ के विभिन्न अंगों की बैठकों के लिए कार्य सूची तैयार करता था।

(5) वह सचिवालय के सामान्य कार्यों के बीच समन्वय स्थापित करने का कार्य करता था।

(6) वह परिषद् के कार्यों की वार्षिक रिपोर्ट तैयार करके सभा के सामने पेश करता था।

(7) विश्व शान्ति के भंग हो जाने की दशा में अथवा किसी भी आपात् स्थिति के पैदा होने पर वह किसी भी सदस्य राष्ट्र के अनुरोध पर परिषद् की बैठक बुला सकता था।

(8) वह विभिन्न राष्ट्रों के मध्य होने वाली सन्धियों का वर्गीकरण करके उनको पंजीकृत करता था।

(9) राष्ट्रसंघ की प्रसविदा में होने वाले संशोधनों के विषय में वह सदस्य राज्यों को जानकारी देता था।

राष्ट्रसंघ के सचिवालय के कार्य (FUNCTIONS OF THE SECRETARIAT OF LEAGUE OF NATIONS)

सचिवालय का कार्य राष्ट्रसंघ के विभिन्न अंगों को विविध प्रकार की सेवाएं प्रदान करके उनकी सहायता करना था। सचिवालय सभा एवं परिषद् दोनों के लिए कार्य करता था। इसके कार्यों का वर्णन निम्नलिखित है-

1. **सभा एवं परिषद् की बैठकें बुलाना व उनकी कार्यवाही का संचालन** सचिवालय का प्रमुख कार्य सभा और परिषद् की बैठकें बुलाना था।

2. **आंकड़े और सूचनाएं एकत्रित करना**-सचिवालय का दूसरा मुख्य कार्य आंकड़े तथा सूचनाएं एकत्रित करना था।

3. **सूचना देने सम्बन्धी कार्य**-सभा और परिषद् की बैठकों के दौरान लिए जाने वाले निर्णयों की जानकारी सदस्य राष्ट्रों को देना और निर्णयों को कार्यरूप देना सचिवालय का कार्य था।

4. **रिकार्ड रखना**-सभा और परिषद् को जब किसी विवाद के लिए तथ्यों की आवश्यकता होती थी तो वह इस सम्बन्ध में जानकारी सचिवालय से प्राप्त करता था। सचिवालय के कर्मचारी किसी भी समस्या की जानकारी के लिए तथ्य एकत्रित करते रहते थे और उन्हें रिकार्ड के रूप में रखते थे।

5. **सदस्य राष्ट्रों की समस्याओं की जांच करना**-सचिवालय राष्ट्रसंघ के सभी सदस्य राष्ट्रों की सभी प्रकार की समस्याओं की जांच करता था और उसे सभा या परिषद् के सामने रखता था ताकि सम्बन्धित समस्या पर वह अपनी सलाह दे सकें।

6. **सामाजिक बुराइयों की रोकथाम** —सचिवालय सदस्य राष्ट्रों में विद्यमान सामाजिक बुराइयों की रोकथाम के लिए प्रभावशाली कदम उठाती थी। इन बुराइयों में दास प्रथा, अनपढ़ता, भुखमरी विभिन्न प्रकार की अन्य बीमारियां शामिल थीं।

7. **अनुवाद सम्बन्धी कार्य**-सचिवालय सभा और परिषद् में लिए गए निर्णयों को विभिन्न देशों की भाषाओं में अनुवाद करवाने और उन्हें सम्बन्धित राष्ट्रों तक पहुंचाना सचिवालय का कार्य था।

8. **सन्धियों का पंजीकरण**-सदस्य राज्यों के मध्य हुई सन्धियों को पंजीकृत (Registered) करना सचिवालय का एक अन्य महत्त्वपूर्ण कार्य था।

स्थायी अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय (Permanent Court of International Justice)-

राष्ट्रसंघ की प्रसंविदा की धारा 14 के अधीन एक अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय को स्थापित करने की व्यवस्था की गई थी। इस धारा के अनुसार एक स्थायी अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय की स्थापना के लिए परिषद् को राष्ट्रसंघ के सदस्यों के समक्ष स्वीकार एक योजना प्रस्तुत करने का अधिकार दिया गया। अतः परिषद् ने एक आयोग नियुक्त करके उसे न्यायालय के सविधान निर्माण का कार्यभार सौंपा, जिसके फलस्वरूप 15 फरवरी, 1922 को हेग (हॉलैंड) में एक स्थायी अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय को स्थापना की गई। स्थायी अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय 1922 से 1940 तक कार्यशील रहा। 51 राज्यों ने इसकी संविधि को स्वीकार किया।

न्यायालय का संगठन (Organisation of the Court) — प्रारम्भ में स्थायी अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय में ग्यारह न्यायाधीश तथा चार उप-न्यायाधीश थे। राष्ट्रसंघ की परिषद् की सिफ़ारिश पर सभा की न्यायाधीशों की संख्या 15 तथा उप-न्यायाधीशों की संख्या 6 तक बढ़ाने का अधिकार था। अत: 1929 में न्यायालय के संविधान में संशोधन करके न्यायाधीशों की संख्या 15 कर दी गई और उप-न्यायाधीश का पद समाप्त कर दिया गया। न्यायाधीशों का चुनाव सभा तथा परिषद् द्वारा किया जाता था। जिन व्यक्तियों को सभा तथा परिषद् में स्पष्ट बहुमत (Absolute Majority) प्राप्त होता था उन्हें ही निर्वाचित घोषित किया जाता था।

स्थायी न्यायालय के न्यायाधीशों की अवधि 9 वर्ष थी। न्यायाधीश अपने में से ही अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष का चुनाव करते थे, जो 3 वर्ष तक अपने पद पर आसीन रहते थे। गणपूर्ति (Corum) 9 न्यायाधीशों की उपस्थिति आवश्यक होती थी जबकि निर्णय बहुमत से ही लिये जाते थे। परन्तु किसी विवाद पर पक्ष-विपक्ष में समान वोटों की दशा में अध्यक्ष को निर्णायक वोट (Casting Vote) देने का अधिकार प्राप्त है।

न्यायालय का क्षेत्राधिकार (Jurisdiction of the Court)

स्थायी न्यायालय के क्षेत्राधिकार को तीन भागों में बांटा गया था-

(1) ऐच्छिक क्षेत्राधिकार (Voluntary Jurisdiction)

(2) अनिवार्य क्षेत्राधिकार (Compulsory Jurisdiction)

(3) परामर्शदात्री क्षेत्राधिकार (Advisory Jurisdiction)

1. ऐच्छिक क्षेत्राधिकार (Voluntary Jurisdiction)- जब दो या अधिक राज्यों में विवाद होता था तथा दोनों पक्ष अपनी इच्छा से विवाद को सुलझाने के लिए न्यायालय के सम्मुख लाते थे तो उसे न्यायालय का ऐच्छिक क्षेत्राधिकार कहा जाता था। न्यायालय की संविधि की धारा 36 के अनुसार न्यायालय उन सभी विवादों पर विचार कर सकता था जिनको सम्बन्धित राज्य न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करें।

2. अनिवार्य क्षेत्राधिकार (Compulsory Jurisdiction) — न्यायालय की संविधि के साथ ही एक विशेष आज्ञापत्र के द्वारा कुछ मामलों में न्यायालय को अनिवार्य क्षेत्राधिकार प्रदान किया गया। कुछ राज्यों ने न्यायालय की संविधि के साथ संलग्न एक पत्र (Protocol) पर हस्ताक्षर किये थे। इस ऐच्छिक घारा (Optional Clause) 36 को स्वीकार करने वाले राज्यों के लिए न्यायालय का क्षेत्राधिकार अनिवार्य था। ये विषय निम्न प्रकार के थे-

(i) सन्धियों का स्पष्टीकरण (Interpretation of Treaties),

(ii) अन्तर्राष्ट्रीय कानून से सम्बोधन प्रश्न,

(iii) अन्तर्राष्ट्रीय दायित्वों का उल्लंघन।

3. परामर्शदात्री क्षेत्राधिकार (Advisory Jurisdiction) — स्थायी अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय द्वारा परामर्श देने का कार्य भी किया जाता है। राष्ट्रसंघ विधान की धारा 14 के अनुसार, "न्यायालय परिषद् या सभा द्वारा इस को सुपुर्द किए गए किसी भी प्रश्न पर परामर्श दे सकता था।" राष्ट्रसंघ की सभा तथा परिषद् समय-समय पर विवादों के सम्बन्ध में परामर्श लेती रहती थी। न्यायालय के परामर्श बाध्यकारी नहीं होते थे। परन्तु व्यवहार में परिषद् और सभा ने ये मान लिया था कि कानून मामलों पर न्यायालय का परामर्श अन्तिम निर्णय के रूप में स्वीकार किया जाएगा। जिस प्रकार सभा और परिषद् न्यायालय के परामर्श को मानने के लिए बाध्य नहीं थे उसी तरह न्यायालय परामर्श देने के लिए बाध्य नहीं था।

न्यायालय का मूल्यांकन (Evaluation of the Court of Justice)- स्थायी अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय सत्रह वर्षों तक (1922 से 1939 तक) सफलतापूर्वक कार्य करता रहा। न्यायालय ने सत्रह वर्षों के काल में 65 मुकद्दमों की जांच की, 32 मुकद्दमों में निर्णय दिया, 27 परामर्श सम्बन्धी निर्णय दिए और लगभग 200 आदेश जारी किए। न्यायालय के निर्णयों को प्रकाशित किया गया और इन निर्णयों द्वारा जिन कानूनी सिद्धान्तों को प्रतिपादित किया गया वे भविष्य में अन्तर्राष्ट्रीय कानून के प्रशासन में बड़े उपयोगी सिद्ध हुए। प्रो० शूमां (Schuman) का कहना है कि, "अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय के सत्रह वर्ष के रिकार्ड बड़े मूल्यवान सिद्ध हुए क्योंकि राष्ट्रों के बीच के विवादों के निपटारे और परिषद् को परामर्श देने में इस संस्था ने नया मार्ग प्रदर्शित किया।"

अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (INTERNATIONAL LABOUR ORGANISATION)

अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की स्थापना पेरिस के शान्ति सम्मेलन के फलस्वरूप हो गई थी, परन्तु बाद में इसे राष्ट्रसंघ की व्यवस्था का ही एक अंग बना दिया गया। इसका संविधान वर्साय की सन्धि के 13वें अध्याय के अनुसार 25 जून, 1919 को निर्मित किया गया। इसकी स्थापना 11 अप्रैल, 1919 को जिनेवा में हुई थी। इसके निम्न उद्देश्य स्वीकार किए गए थे-

(i) सामाजिक न्याय को प्रोत्साहित करना तथा स्थायी शान्ति में सहयोग देना,

(ii) श्रमिकों की हालत में सुधार करना,

(iii) श्रमिकों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाना तथा,

(iv) आर्थिक सामाजिक स्थिरता को बढ़ावा देना;

इन उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु इसके निम्न कार्य थे-

(i) काम के घण्टे निश्चित करना तथा अधिकतम कार्य के दिनों को निश्चित करना;

(ii) श्रमिक पूर्ति का संचालन करना ताकि बेरोजगारी न बढ़े;

(iii) पर्याप्त जीविका के साधनों का प्रबन्ध करना;

(iv) श्रमिकों को बीमारी तथा अन्य दुर्घटनाओं से बचाना।

(v) विदेशों में कार्य करने वाले श्रमिकों के हितों की रक्षा करना :

(vi) सभी के लिए समान कार्य तथा समान वेतन के सिद्धान्त को लागू करना:

(vii) श्रमिकों को संघ बनाने की स्वतन्त्रता दिलाना तथा:

(viii) अविकसित राज्यों को तकनीकी सहायता प्रदान करना;

इस प्रकार इन कार्यों के द्वारा इसका मुख्य उद्देश्य 'सामाजिक न्याय' के उद्देश्य को प्राप्त करके स्थायी शान्ति को प्राप्त करना था क्योकि वर्साय की सन्धि में यह कहा गया था कि "Universal and lasting peace can be established only if it is based upon social justice."

अपने कार्यों के सम्पादन हेतु इसके तीन अंग हैं- International Conference, The Governing Body and the International Labour Office.

प्रथम दोनों अंगों में तीन प्रकार के सदस्य होते हैं-सदस्य राज्यों के, श्रमिकों के तथा रोजगार देने वालों (Employers) के।

संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था (UN System)

संयुक्त राष्ट्र (United Nations - UN) — एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है, जिसे द्वितीय विश्व युद्ध के बाद 24 अक्टूबर 1945 में स्थापित किया गया था। इसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखना, देशों के बीच दोस्ती को बढ़ावा देना, मानवाधिकारों की रक्षा करना, और वैश्विक समस्याओं का समाधान करना है। संयुक्त राष्ट्र का प्रणाली बहुत जटिल है और इसमें कई प्रमुख अंग और संगठन शामिल हैं, जो अलग-अलग कार्य करते हैं।

संयुक्त राष्ट्र का संरचना (Structure of the UN)

संयुक्त राष्ट्र की संरचना कई प्रमुख अंगों से मिलकर बनी है, जिनमें से प्रत्येक का अपना विशिष्ट कार्य है:

1. साधारण सभा (General Assembly):

- यह संयुक्त राष्ट्र का सबसे बड़ा और सामान्य रूप से प्रतिनिधिक अंग है, जिसमें सभी 193 सदस्य देशों के प्रतिनिधि शामिल होते हैं।
- इसमें प्रत्येक सदस्य राज्य को एक वोट मिलती है, और यहां पर देशों के बीच प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर बहस और चर्चा की जाती है।
- यह अंग निर्णयों, संकल्पों और प्रस्तावों पर मतदान करता है।

2. सुरक्षा परिषद (Security Council):

- यह संयुक्त राष्ट्र का सबसे शक्तिशाली अंग है, जो अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए जिम्मेदार है।
- इसमें 15 सदस्य होते हैं: 5 स्थायी सदस्य (चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका) और 10 अस्थायी सदस्य, जो 2 वर्ष के लिए चुने जाते हैं।

- स्थायी सदस्य देशों के पास वीटो शक्ति (veto power) होती है, यानी यदि इनमें से कोई भी देश प्रस्ताव पर आपत्ति जताता है तो प्रस्ताव को खारिज कर दिया जाता है।

- सुरक्षा परिषद बाध्यताएं, शांति मिशन, और सैन्य कार्रवाई के लिए अनुमति प्रदान कर सकती है।

3. अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (International Court of Justice):

- यह संयुक्त राष्ट्र का न्यायिक अंग है, जो देशों के बीच विवादों का समाधान करने का कार्य करता है।

- इसका मुख्यालय हेग (नीदरलैंड्स) में स्थित है और इसमें 15 न्यायाधीश होते हैं, जो 9 साल के लिए चुने जाते हैं।

- यह अदालत देशों के बीच कानूनी विवादों का निपटारा करती है और अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार निर्णय देती है।

4. सचिवालय (Secretariat):

- यह अंग संयुक्त राष्ट्र की प्रशासनिक मशीनरी है, जो संयुक्त राष्ट्र के दैनिक कार्यों और कार्यवाहियों को संचालित करता है।

- सचिवालय का प्रमुख "संयुक्त राष्ट्र महासचिव" (UN Secretary-General) होता है, जिसे महासभा द्वारा चुना जाता है। महासचिव संयुक्त राष्ट्र के संचालन और विश्व शांति के मुद्दों पर मार्गदर्शन प्रदान करता है।

5. आर्थिक और सामाजिक परिषद (Economic and Social Council - ECOSOC):

- इसका उद्देश्य आर्थिक, सामाजिक, और मानवाधिकार मुद्दों पर अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है।

- इसमें 54 सदस्य होते हैं, जो तीन साल के लिए चुने जाते हैं। यह विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय संगठनों, एजेंसियों, और समितियों के साथ मिलकर काम करता है।

6. संयुक्त राष्ट्र के विशेष संगठन और एजेंसियाँ:

- संयुक्त राष्ट्र के तहत कई विशिष्ट एजेंसियाँ और संगठन काम करते हैं, जिनमें शामिल हैं:

  - UNICEF (यूनीसेफ) – बच्चों की कल्याण के लिए।

  - WHO (विश्व स्वास्थ्य संगठन) – वैश्विक स्वास्थ्य मुद्दों पर काम करता है।

  - UNHCR (संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त शरणार्थी) – शरणार्थियों की मदद करता है।

  - ILO (अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन) – श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करता है।

संयुक्त राष्ट्र के उद्देश्य (Objectives of the UN)

संयुक्त राष्ट्र के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं:

1. अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखना:

- युद्ध और संघर्षों को रोकने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद काम करता है। इसके तहत सैन्य, राजनीतिक, और शांति मिशनों के माध्यम से शांति बनाए रखने का प्रयास किया जाता है।

2. राष्ट्रों के बीच दोस्ती और सहयोग को बढ़ावा देना:

- संयुक्त राष्ट्र का उद्देश्य देशों के बीच विश्वास और सहयोग को बढ़ावा देना है, ताकि वे अपने विवादों को शांतिपूर्वक हल कर सकें।

3. मानवाधिकारों की रक्षा करना:

- संयुक्त राष्ट्र ने "मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा" को अपनाया, जो सभी मानवों के अधिकारों की रक्षा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

4. वैश्विक विकास और समृद्धि को बढ़ावा देना:

- संयुक्त राष्ट्र वैश्विक गरीबी, स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरणीय संकट जैसे मुद्दों पर काम करता है, ताकि दुनिया भर में बेहतर जीवन स्तर प्रदान किया जा सके।

5. प्राकृतिक संसाधनों और पर्यावरण की सुरक्षा:

- संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण के संरक्षण के लिए प्रयास करता है, जैसे जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करना और पारिस्थितिकी तंत्र का संरक्षण।

संयुक्त राष्ट्र की सफलताएँ और चुनौतियाँ

सफलताएँ:

- संयुक्त राष्ट्र ने कई शांति प्रयासों में सफलता प्राप्त की है, जैसे कोरियाई युद्ध के बाद शांति स्थापना, सुएज़ संकट में मध्यस्थता, और विभिन्न देशों में शांति स्थापना मिशन।

- UN ने वैश्विक स्वास्थ्य और विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जैसे एचआईवी/एड्स की रोकथाम और विकासशील देशों में मदद।

चुनौतियाँ:

- सुरक्षा परिषद में वीटो शक्ति(निषेधाधिकार) के कारण कभी-कभी निर्णय लेने में कठिनाई होती है, विशेष रूप से जब प्रमुख देशों के हित प्रभावित होते हैं।

- संयुक्त राष्ट्र की शांति मिशन हमेशा प्रभावी नहीं रही हैं, और कई बार युद्धों और संघर्षों को रोकने में असफल रही हैं।

निष्कर्ष: संयुक्त राष्ट्र एक महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय मंच है, जो विश्व शांति, सुरक्षा, और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए काम करता है। हालांकि इसके सामने कई चुनौतियाँ हैं, यह संगठन वैश्विक मामलों में एक केंद्रीय भूमिका निभाता है।

संयुक्त राष्ट्र और राष्ट्र संघ की तुलना (Comparison of League of Nations and UN System)

राष्ट्र संघ और संयुक्त राष्ट्र (यूएन) दोनों ही अंतरराष्ट्रीय संगठन थे जिनका उद्देश्य देशों के बीच शांति और सहयोग को बढ़ावा देना था, लेकिन उनकी संरचना, प्रभावशीलता और ऐतिहासिक संदर्भ में महत्वपूर्ण अंतर थे। यहाँ एक **तुलना** दी गई है:

1. ऐतिहासिक संदर्भ और गठन:

- राष्ट्र संघ (League of Nations): प्रथम विश्व युद्ध (1919) के बाद वर्साय की संधि के हिस्से के रूप में स्थापित किया गया। इसका प्राथमिक उद्देश्य देशों के बीच कूटनीति और सहयोग को बढ़ावा देकर शांति बनाए रखना और भविष्य के संघर्षों को रोकना था।

- संयुक्त राष्ट्र (यूएन): द्वितीय विश्व युद्ध के बाद 1945 में राष्ट्र संघ की जगह लेने के लिए बनाया गया। यूएन का गठन लीग की कमियों को दूर करने और लीग की विफलता से सीखे गए सबक को ध्यान में रखते हुए अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए अधिक मजबूत प्रणाली प्रदान करने के लिए किया गया था।

2. सदस्यता:

- राष्ट्र संघ : शुरू में इसके 42 सदस्य थे, और अपने चरम पर, इसके 58 सदस्य थे। हालाँकि, संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे प्रमुख राष्ट्र कभी

इसमें शामिल नहीं हुए, और कुछ देश समय के साथ पीछे हट गए (जैसे, जर्मनी, इटली और जापान)।

- संयुक्त राष्ट्र : वर्तमान में इसके 193 सदस्य देश हैं, जो इसे अधिक समावेशी और प्रतिनिधि वैश्विक संगठन बनाता है। संयुक्त राष्ट्र का दायरा भी व्यापक है, जिसमें अधिक विविध देश भाग लेते हैं।

3. संरचना और निर्णय लेना:

- राष्ट्र संघ: संघ का मुख्य निर्णय लेने वाला निकाय विधानसभा था, जिसमें सभी सदस्य देश शामिल थे, और परिषद, जिसमें स्थायी सदस्य (फ्रांस, यूके, इटली, जापान) और अस्थायी सदस्य शामिल थे। निर्णयों के लिए सर्वसम्मति या बहुमत के मत की आवश्यकता होती थी, जिससे कभी-कभी निर्णय लेना मुश्किल हो जाता था।

- संयुक्त राष्ट्र : संयुक्त राष्ट्र की संरचना अधिक जटिल है, जिसमें महासभा (सभी सदस्य देश), सुरक्षा परिषद (वीटो शक्ति वाले 5 स्थायी सदस्य: चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका) और विभिन्न विशेष एजेंसियां शामिल हैं। सुरक्षा परिषद के पास शांति और सुरक्षा पर बाध्यकारी निर्णय लेने की अधिक शक्ति है, वीटो शक्ति के साथ पांच स्थायी सदस्यों को महत्वपूर्ण प्रभाव मिलता है।

4. शांति स्थापना और संघर्ष समाधान:

- राष्ट्र संघ: संघ का उद्देश्य कूटनीति और सामूहिक सुरक्षा के माध्यम से संघर्षों को हल करना था। इसके पास कोई सैन्य शक्ति नहीं थी और यह अपने सदस्यों के सहयोग पर निर्भर था। यह अक्सर महत्वपूर्ण परिस्थितियों में कार्रवाई करने में विफल रहा, खासकर नाजी जर्मनी और फासीवादी इटली जैसे आक्रामक राज्यों के उदय के साथ।

- संयुक्त राष्ट्र : संयुक्त राष्ट्र के पास अधिक औपचारिक शांति व्यवस्था है। इसके पास शांति सेना भेजने का अधिकार है, और यह सुरक्षा परिषद के माध्यम से प्रतिबंध लगा सकता है या सैन्य हस्तक्षेप को अधिकृत कर सकता है। संघर्षों और शांति स्थापना में मध्यस्थता करने में संयुक्त राष्ट्र अधिक सफल रहा है, हालांकि चुनौतियों के बिना नहीं।

5. प्रवर्तन शक्ति: (Enforcement power) :

- राष्ट्र संघ : संघ के पास प्रवर्तन शक्ति का अभाव था। यह केवल प्रतिबंध लगा सकता था या आक्रामक राष्ट्रों की निंदा कर सकता था, लेकिन राज्यों को अपने निर्णयों का पालन करने के लिए बाध्य करने का कोई तरीका नहीं था।

- संयुक्त राष्ट्र : संयुक्त राष्ट्र, विशेष रूप से सुरक्षा परिषद, प्रतिबंधों या सैन्य कार्रवाई के माध्यम से अपने निर्णयों को लागू करने की शक्ति रखती है, जिससे यह अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने में अधिक प्रभावी हो जाती है।

6. सफलता और विफलताएँ:

- राष्ट्र संघ: संघ की अक्सर द्वितीय विश्व युद्ध को रोकने में असमर्थता के लिए आलोचना की जाती है। प्रमुख विफलताओं में फासीवादी शासनों के उदय को रोकने में असमर्थता, जापान द्वारा मंचूरिया पर आक्रमण और अपने निर्णयों को लागू करने में विफलता शामिल थी। अमेरिका की अनुपस्थिति ने इसके प्रभाव को कमजोर कर दिया।

- संयुक्त राष्ट्र : संयुक्त राष्ट्र को संघर्ष समाधान और शांति स्थापना में अधिक सफलता मिली है, जैसे कि कोरियाई युद्ध, स्वेज संकट और हाल ही में अफ्रीका में शांति स्थापना मिशनों में। हालांकि, सुरक्षा परिषद में वीटो शक्ति और प्रमुख शक्तियों द्वारा कार्रवाई करने की अनिच्छा के कारण इसकी प्रभावशीलता को चुनौती दी गई है।

7. मानवीय प्रयास:

- राष्ट्र संघ : संघ ने कुछ मानवीय प्रयास किए, जैसे शरणार्थियों से निपटना और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) की स्थापना, लेकिन इस संबंध में इसकी क्षमता सीमित थी।

- संयुक्त राष्ट्र : UN का UNICEF, विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) और शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त (UNHCR) जैसी एजेंसियों के माध्यम से मानवीय प्रयासों पर अधिक ध्यान है। यह गरीबी, स्वास्थ्य, शिक्षा और मानवाधिकार जैसी वैश्विक चुनौतियों का

समाधान करने में अग्रणी भूमिका निभाता है।

निष्कर्ष:

जबकि राष्ट्र संघ और संयुक्त राष्ट्र दोनों ने अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लक्ष्य को साझा किया है, संयुक्त राष्ट्र प्रणाली अपनी विस्तारित सदस्यता, अधिक प्रवर्तन शक्तियों और अधिक समावेशी संरचना के कारण कहीं अधिक प्रभावी और लचीली साबित हुई है। द्वितीय विश्व युद्ध को रोकने में संघ की विफलता ने इसके मॉडल की सीमाओं को प्रदर्शित किया, जिसे संयुक्त राष्ट्र ने संघर्ष समाधान और वैश्विक शासन के लिए अधिक मजबूत तंत्र के साथ सुधारने का लक्ष्य रखा।

Unit-II

संयुक्त राष्ट्र के अंग (organs of United Nations)

संयुक्त राष्ट्र के मुख्य रूप से **6 अंग** माने जाते हैं। जिनका वर्णन कुछ इस प्रकार है:

(1) महासभा (2) सुरक्षा परिषद (3) आर्थिक और सामाजिक परिषद (4) न्यासिता परिषद (5) सचिवालय (6) न्याय का अंतरराष्ट्रीय न्यायालय।

महासभा (GENERAL ASSEMBLY)

रचना (Composition)- संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य महासभा के सदस्य होते हैं। प्रत्येक सदस्य राष्ट्र महासभा में अपने पांच प्रतिनिधि भेज सकता है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक सदस्य राष्ट्र को पांच वैकल्पिक प्रतिनिधि भेजने का अधिकार भी है। परन्तु एक सदस्य राष्ट्र को एक ही मत देने का अधिकार होता है।

महासभा अपने 2/3 बहुमत और सुरक्षा परिषद् के बहुमत (जिसमें पांच स्थायी सदस्यों का होना आवश्यक है) से किसी भी राष्ट्र का अपना सदस्य बना सकती है।

अधिवेशन (Sessions)- महासभा का एक वर्ष में कम-से-कम एक अधिवेशन होना अनिवार्य है। प्रायः महासभा का यह अधिवेशन सितम्बर मास में अमेरिका के न्यूयार्क नगर में आयोजित किया जाता है। यह सम्मेलन किसी अन्य स्थान पर भी आयोजित किया जा सकता है।

महासभा का अध्यक्ष (President of General Assembly)- प्रति वर्ष सामान्य अधिवेशन के लिए महासभा अपना अध्यक्ष निर्वाचित करती है। अध्यक्ष के अतिरिक्त 4 देशों से उपाध्यक्ष भी निर्वाचित किए जाते हैं जो अध्यक्ष की अनुपस्थिति में अधिवेशन की अध्यक्षता करते हैं। महासभा के अध्यक्ष का निर्वाचन एक औपचारिकता मात्र होता है और प्रत्येक वर्ष किसी देश के प्रतिनिधि को साधारणतः निर्विरोध निर्वाचित कर लिया जाता है।

निर्णय (Decisions)- संयुक्त राष्ट्र के चार्टर में अंकित महत्त्वपूर्ण विषयों का निर्णय साधारण बहुमत द्वारा किया जाता है। संयुक्त राष्ट्र संघ के चार्टर के अनुच्छेद 17 के अनुसार महत्त्वपूर्ण विषय इस प्रकार है-

(i) अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति और सुरक्षा के विषय में सिफ़ारिश।

(ii) आर्थिक और सामाजिक परिषद् के सदस्यों का निर्वाचन।

(iii) न्यासिता परिषद् के सदस्य का निर्वाचन।

(iv) सुरक्षा परिषद् के अस्थायी सदस्यों का निर्वाचन।

(v) संयुक्त राष्ट्र में नए सदस्यों का प्रवेश।

(vi) संयुक्त राष्ट्र में से सदस्यों का निलम्बन।

(vii) सदस्यों के अधिकारों एवं विशेषाधिकारों का स्थगन।

महासभा की समितियां (COMMITTEES OF THE GENERAL ASSEMBLY)

यह सभा अपना कार्य समितियों द्वारा सम्पन्न करवाती है। इसलिए महासभा द्वारा समितियों का निर्माण किया जाता है। पहले प्रत्येक विषय पर समिति में विचार-विनिमय किया जाता है और फिर महासभा में समिति की रिपोर्ट के आधार पर विचार-विनिमय किया जाता है। महासभा की मुख्य समितियां इस प्रकार हैं :-

1. मुख्य समितियां (Main Committees)

2. प्रक्रियात्मक समितियां (Procedural Committees)

3. स्थायी समितियां (Standing Committees)

4. तदर्थ समितियां (Ad-hoc Committees)

मुख्य समितियों द्वारा मूल (Substantive) विषयों पर विचार-विमर्श किया जाता है। प्रक्रियात्मक समितियां कार्य संचालन के विषयों पर विचार-विमर्श करती हैं। स्थायी समितियों द्वारा अविरत (Continuing) विषयों पर विचार विनिमय किया जाता है। तदर्थ समितियों का गठन समय-समय पर विशेष कार्यों के लिए किया जाता है और कार्य समाप्त हो जाने पर ये समितियां भंग हो जाती हैं।

मतदान प्रणाली (VOTING PROCEDURE)

महासभा में मतदान का वर्णन चार्टर के अनुच्छेद 18 में किया गया है। इस अनुच्छेद में निम्नलिखित तीन व्यवस्थाएं की गई हैं-

(i) महासभा के प्रत्येक सदस्य को एक ही मत देने का अधिकार होगा।

(ii) महत्त्वपूर्ण प्रश्नों या विषयों के सम्बन्ध में महासभा के निर्णय उसके उपस्थित और मतदान में भाग लेने वाले दो तिहाई सदस्यों द्वारा लिए जाएंगे। जिन महत्त्वपूर्ण प्रश्नों पर निर्णय दो तिहाई बहुमत द्वारा लिए जाएंगे, उन प्रश्नों और विषयों को अनुच्छेद 18 में ही अंकित कर दिया गया।

(iii) अनुच्छेद 18 में अंकित विषयों को छोड़कर शेष सभी विषयों के सम्बन्ध में निर्णय महासभा के उपस्थित और मतदान में भाग लेने वाले सदस्यों के साधारण बहुमत से लिए जाते हैं, यदि महासभा ने किसी विषय को 'महत्त्वपूर्ण विषय' का स्थान देना हो तो इस बात का निर्णय महासभा के उपस्थित एवं मतदान में भाग लेने वाले सदस्यों के सामान्य बहुमत से किया जाता है। यदि महासभा द्वारा किसी विषय को 'महत्त्वपूर्ण विषय' की सूची में सम्मिलित कर लिया जाता है तो ऐसे विषय के सम्बन्ध में निर्णय महासभा के उपस्थित एवं मतदान में भाग लेने वाले दो तिहाई सदस्यों के बहुमत से लिया जाता है।

महासभा की शक्तियां और कार्य (POWERS AND FUNCTIONS OF THE GENERAL ASSEMBLY)

महासभा की शक्तियों का वर्णन संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अनुच्छेद 10 से 17 तक किया गया है। इन अनुच्छेदों में अंकित व्यवस्थाओं के आधार पर हम महासभा के कार्यों का वर्णन निम्नलिखित शीर्षकों के अन्तर्गत कर सकते हैं-

1. विचारात्मक कार्य (Deleberative Functions) — महासभा को हम संयुक्त राष्ट्र की विधानपालिका की संज्ञा दे सकते हैं। महासभा विश्व शान्ति से सम्बद्ध सभी प्रश्नों पर विचार-विनिमय, वाद-विवाद तथा अध्ययन कर सकती है। महासभा के विचारात्मक कार्य इस प्रकार हैं-

(क) किसी विषय या प्रश्न के सम्बन्ध में विचार करना (To discuss any question or matter) - संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अनुच्छेद 10 में यह व्यवस्था की गई है कि महासभा अपने क्षेत्राधिकार में निहित किसी भी विषय पर विचार विनिमय कर सकती है। संयुक्त राष्ट्र के किसी भी अंग की शक्तियों एवं कार्यों से सम्बद्ध विषयों पर यह विचार-विनिमय कर सकती है। महासभा जिस विषय पर विचार-विनिमय करती है, वह उसके सम्बन्ध में सिफ़ारिशें प्रस्तुत करती हैं।

ख) अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति और सुरक्षा स्थिर रखने के विषय में कार्य (Function regarding the maintenance of International Peace and Security)- अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति और सुरक्षा को स्थिर रखना सुरक्षा परिषद् का प्रथम कर्त्तव्य है। परन्तु महासभा अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति और सुरक्षा के लिए सहयोग के सामान्य सिद्धान्तों पर विचार कर सकती है। महासभा को यह शक्ति चार्टर के अनुच्छेद 11 द्वारा दी गई है। इस अनुच्छेद में यह व्यवस्था भी है कि महासभा निरस्त्रीकरण को नियन्त्रित और शस्त्रीकरण को नियमित करने के विषय में सिद्धान्तों पर भी विचार-विनिमय कर सकती है।

(ग) सिफ़ारिशें करने से सम्बद्ध कार्य (Functions regarding recommendations) - अनुच्छेद 13 के अन्तर्गत ऐसे मुख्य उद्देश्य अंकित किए गए हैं, जिन्हें सम्मुख रखकर महासभा किसी विषय का अध्ययन या विचार करने के पश्चात् अपनी सिफ़ारिशें करती हैं। ऐसे कुछ मुख्य उद्देश्य इस प्रकार हैं-

(i) राजनीतिक क्षेत्र में अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग को विकसित करना।

(ii) अन्तर्राष्ट्रीय कानून और इसके संहिताकरण को प्रोत्साहित करना।

(iii) आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक और स्वास्थ्य आदि के क्षेत्रों में अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग करना।

(iv) वंश, लिंग, भाषा या धर्म पर आधारित भेदभाव के बिना सभी के लिए मानव अधिकारों और मौलिक स्वतन्त्रताओं की प्राप्ति में सहायता करना।

2. निरीक्षणात्मक कार्य (Supervisory Functions) -संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा कुछ निरीक्षणात्मक कार्य भी करती है। इसके निरीक्षणात्मक कार्यों का वर्णन चार्टर के अनुच्छेद 15 में किया गया है। इस अनुच्छेद में यह व्यवस्था है कि महासभा सुरक्षा परिषद् से वार्षिक और विशेष प्रतिवेदन प्राप्त करके उन पर विचार करेगी। सुरक्षा परिषद् के इन प्रतिवेदनों में उन सभी कार्यवाहियों का वर्णन होगा जो कार्यवाहियां सुरक्षा परिषद् ने अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति और सुरक्षा को स्थिर रखने के उद्देश्य से की है या करने के लिए निर्णय लिए हैं। इसी अनुच्छेद में यह व्यवस्था भी है कि संयुक्त राष्ट्र के अन्य अंग भी अपने प्रतिवेदन महासभा को प्रस्तुत करेंगे और महासभा उन प्रतिवेदनों पर विचार करेगी।

3. वित्तीय कार्य (Financial Functions) - महासभा की वित्तीय शक्तियों का वर्णन चार्टर के अनुच्छेद 17 में किया गया है। इस अनुच्छेद के अनुसार महासभा की वित्तीय शक्तियां इस प्रकार हैं-

(i) संयुक्त राष्ट्र संघ के बजट पर विचार करना और उसका अनुमोदन करना।

(ii) सदस्य राष्ट्रों पर संयुक्त राष्ट्र संघ के व्यय का अनुपात निर्धारित करना।

(iii) अनुच्छेद 57 में व्यवस्थित विशिष्ट अभिकरणों की वित्तीय या बजट के विषय में व्यवस्थाओं को स्वीकृति देना।

(iv) विशिष्ट अभिकरणों के बजट का निरीक्षण करना और उन्हें बजट सम्बन्धी सिफ़ारिश करना।

4. सदस्यता के विषय में कार्य (Functions regarding Membership)-

(i) अनुच्छेद चार के अनुसार सुरक्षा परिषद् की सिफारिश पर महासभा अपने 2/3 बहुमत के निर्णय पर किसी राष्ट्र को संयुक्त राष्ट्र में प्रवेश की आज्ञा दे सकती है।

(ii) अनुच्छेद पांच की व्यवस्था के अनुसार संयुक्त राष्ट्र के किसी ऐसे सदस्य को, जिसके विरुद्ध सुरक्षा परिषद् द्वारा कोई निवारक या बाध्यकारी कार्यवाही की गई हो, महासभा द्वारा सुरक्षा परिषद् की सिफारिश पर सदस्य के अधिकारों या विशेषाधिकारों के प्रयोग से निलम्बित किया जा सकता है।

(iii) अनुच्छेद 6 में यह व्यवस्था है कि यदि संयुक्त राष्ट्र का कोई सदस्य बार-बार चार्टर के सिद्धान्तों की अवहेलना कर रहा हो, तो सुरक्षा परिषद् की सिफारिश पर महासभा उसे संयुक्त राष्ट्र से निष्कासित कर सकती है।

5. निर्वाचन के विषय में कार्य (Electoral Functions) — संयुक्त राष्ट्र के अन्य अंगों के सदस्यों का निर्वाचन महासभा द्वारा किया जाता

है। महासभा निम्नलिखित निर्वाचन कार्य करती है-

(i) यह सुरक्षा परिषद् के 10 अस्थायी सदस्य 2 वर्ष के लिए निर्वाचित करती है।

(ii) यह आर्थिक और सामाजिक परिषद् के 54 सदस्यों का तीन वर्ष के लिए निर्वाचन करती है।

(iii) न्यास परिषद् के सदस्य तीन वर्ष के लिए महासभा द्वारा निर्वाचित किए जाते हैं।

(iv) यह न्याय के अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय के 15 न्यायाधीशों का निर्वाचन 9 वर्ष के लिए करती है।

6. संशोधन के विषय में कार्य (Constituent Amendment Functions)— महासभा के चार्टर में संशोधन करने की शक्ति का वर्णन चार्टर के अनुच्छेद 108 में किया गया है। इसे महासभा की संवैधानिक शक्ति की संज्ञा भी दी जा सकती है। अनुच्छेद 108 के अनुसार महासभा अपने दो तिहाई सदस्यों के बहुमत से संशोधन प्रस्ताव पारित कर सकती है। पारित संशोधन प्रस्ताव तभी लागू किया जाएगा, यदि संयुक्त राष्ट्र के दो तिहाई सदस्य इसका अनुमोदन कर दें और इन अनुमोदन करने वाले सदस्यों में सुरक्षा परिषद् के पांच स्थायी सदस्य अवश्य हों।

7. विविध कार्य (Miscellaneous Functions) - महासभा के कुछ महत्त्वपूर्ण विविध कार्य इस प्रकार हैं-

(i) राजनीतिक क्षेत्र में अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग को विकसित करना।

(ii) अन्तर्राष्ट्रीय कानून के विकास और इसके संहिताकरण को प्रोत्साहित करना।

(iii) आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक और स्वास्थ्य आदि के क्षेत्रों में अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग विकसित करना।

(iv) वंश, लिंग, भाषा या धर्म पर आधारित भेदभाव के बिना सभी के लिए मानव अधिकारों और मौलिक स्वतन्त्रताओं की प्राप्ति में सहायता करना।

(v) अन्तर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार अन्तर्राष्ट्रीय श्रम कल्याण को प्रोत्साहित करना।

(vi) विश्व के समस्त लोगों को निर्धनता से बचाना और उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाना।

(vii) उपनिवेशों के हितों की रक्षा करना।

सुरक्षा परिषद् (THE SECURITY COUNCIL)

सुरक्षा परिषद् संयुक्त राष्ट्र का अत्यधिक महत्त्वपूर्ण अंग है। इसे संयुक्त राष्ट्र की कार्यपालिका की संज्ञा भी दी जा सकती है। संयुक्त राष्ट्र सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण और प्रथम कार्य विश्व शान्ति और सुरक्षा को स्थिर रखना है। विश्व शान्ति और सुरक्षा का दायित्व सुरक्षा परिषद् पर ही डाला गया है। अतः इसे संयुक्त राष्ट्र का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण और प्रभावशाली अंग माना जाता है। गुडसपीड का कथन है कि "सामान्य लोगों की राय में संयुक्त राष्ट्र संघ का अभिप्राय ही सुरक्षा परिषद् है।"

सुरक्षा परिषद् की शक्तियों, कार्यों, रचना आदि का संक्षेप वर्णन इस प्रकार है-

सुरक्षा परिषद् की रचना (Composition of the Security Council)- संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अनुच्छेद 23 " में सुरक्षा परिषद् की रचना के विषय में व्यवस्था की गई है। इस अनुच्छेद के अनुसार सुरक्षा परिषद् के कुल 15 सदस्य होंगे। इन 15 में से 5 स्थायी और 10 अस्थायी सदस्य होंगे। ग्रेट ब्रिटेन (Great Britain), चीन (China), रूस (Russia), फ्रांस (France) और संयुक्त राज्य अमेरिका इसके पांच स्थायी सदस्य है।

सुरक्षा परिषद् के पांच स्थायी सदस्यों को स्थायी प्रतिनिधित्व देने के विशेष कारण हैं। संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के निर्माताओं का विचार था कि युद्ध तभी होगा, जब महाशक्तियां चाहेंगी। अतः युद्ध को रोकने के दायित्व इन महाशक्तियों पर डाल दिया जाए तो शान्ति को स्थापित

रखने में पर्याप्त सुगमता रहेगी।

अधिवेशन (Sessions)— संयुक्त राष्ट्र के चार्टर का अनुच्छेद 28 सुरक्षा परिषद् के सत्र से सम्बन्धित है। इस अनुच्छेद में यह व्यवस्था की गई है कि सुरक्षा परिषद् का गठन इस प्रकार किया जाएगा कि यह संस्था निरन्तर कार्य करने के योग्य हो। सुरक्षा परिषद् के प्रत्येक सदस्य का एक प्रतिनिधि परिषद् के मुख्य स्थान पर हर समय उपलब्ध रहेगा। व्यवहार में सुरक्षा परिषद् की नियमित बैठक दो सप्ताह के पश्चात् होती है। इसके अतिरिक्त समय-समय पर आवश्यकतानुसार इसकी नियमित बैठकें भी होती रहती हैं।

सभापति (President)— संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अनुच्छेद 30 में यह व्यवस्था है कि सुरक्षा परिषद् के सभापति के चुनाव की पद्धति सुरक्षा परिषद् स्वयं निश्चित करेगी। अन्य शब्दों में, सुरक्षा परिषद् को अपने सभापति के चुनाव की विधि निश्चित करने का अधिकार सुरक्षा परिषद् को स्वयं प्राप्त है। व्यवहार में सुरक्षा परिषद् का सभापति प्रति मास सदस्य राष्ट्रों के अंग्रेजी वर्णमाला के पहले अक्षर के क्रम के अनुसार परिवर्तित होता रहा है।

समितियां (Committees)— अनुच्छेद 29 में यह व्यवस्था है कि सुरक्षा परिषद् को अपने सहायक अंग स्थापित करने की शक्ति है। सुरक्षा परिषद् अपने कार्यों की पूर्ति के लिए स्वेच्छा से सहायक अंग स्थापित कर सकती है।

सुरक्षा परिषद् में निम्नलिखित समितियां हैं-

1. स्थायी समितियां (Standing Committees) - सुरक्षा परिषद् में दो स्थायी समितियां हैं-

(क) विशेषज्ञ समिति, और

(ख) प्रवेश समिति।

(क) विशेषज्ञ समिति (Committee of Experts)- इस समिति का गठन 1956 में किया गया था। जैसे कि इसके नाम से ही ज्ञात होता है कि इस समिति में विधि(कानून)-विशेषज्ञ होते हैं। इनका मुख्य कार्य सुरक्षा परिषद् की कार्य विधि के नियमों का निर्माण करना है।

(ख) प्रवेश समिति (Committee relating to the admission of New Members)- इस समिति का गठन 1964 में किया गया था। इस समिति का मुख्य कार्य संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बनने के लिए नए देशों द्वारा आए आवेदन पत्रों की जांच-पड़ताल करना है।

2. तदर्थ समितियां/निकाय (Ad-hoc Committees/Bodies)- जैसे कि इनके नाम से ही स्पष्ट है कि ये समितियां स्थायी स्वरूप की नहीं होतीं। अपना लक्ष्य पूर्ण होते ही ये समितियां भंग हो जाती हैं। सुरक्षा परिषद् द्वारा अनेक बार ऐसी समितियों का गठन किया गया था। उदाहरणस्वरूप-

(क) फिलस्तीन के लिए विकास सन्धि आयोग

(ख) इण्डोनेशिया समस्या हेतु समिति

(ग) भारत और पाकिस्तान पर संयुक्त राष्ट्रीय आयोग।

3. निरस्रीकरण आयोग (Disarmament Commission)-1946 में महासभा ने अणु शक्ति आयोग की स्थापना की थी। परन्तु 11 जनवरी, 1952 को सुरक्षा परिषद् के अधीन एक निरस्त्रीकरण आयोग का गठन किया गया था। उस समय केवल सुरक्षा परिषद् के सदस्य ही इस आयोग के सदस्य होते थे। 1958 में संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य इस आयोग के सदस्य बना दिए गए थे। इस आयोग के मुख्य कार्य इस प्रकार हैं-

(क) आण्विक शक्ति पर नियन्त्रण लगाना। (ख) विनाशकारी शस्त्रों पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाना।

(ग) सेनाओं और शस्त्रों में कटौती करना।

4. सैन्य स्टॉफ समिति (Military Staff Committee) संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अनुच्छेद 47 में सुरक्षा

परिषद् की सहायतार्थ सैन्य स्टॉफ समिति की व्यवस्था की गई। इस समिति का मुख्य कार्य सुरक्षा परिषद् को संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों द्वारा उपलब्ध करवाए सैन्य बलों को लगाने, शस्त्रीकरण को नियमित करने और निरस्त्रीकरण से सम्बद्ध सभी प्रश्नों के विषय में सुरक्षा परिषद् की सहायता करना है। इस सैन्य स्टॉफ समिति में सुरक्षा परिषद् के पांच स्थायी सदस्यों के सेनाध्यक्ष सम्मिलित हैं।

मतदान प्रक्रिया (Voting Procedure)- अनुच्छेद 27 के अनुसार सुरक्षा परिषद् के प्रत्येक स्थायी सदस्य को एक ही मत का अधिकार होगा। इस अनुच्छेद में सुरक्षा परिषद् द्वारा निर्णय लेने के विषय में मतदान विधि भी निश्चित की गई है। अनुच्छेद 27 के अनुसार, सुरक्षा परिषद् के कार्यों को दो भागों में विभक्त किया गया है-(1) कार्यविधि विषय (Procedural matters) और (ii) महत्त्वपूर्ण विषय (Substantive Matters)।

अनुच्छेद 27 के अनुसार सभी कार्यविधि विषयों के सम्बन्ध में निर्णय लेने के लिए सुरक्षा परिषद् के 9 सदस्यों के मत उस विषय के पक्ष में होने अनिवार्य हैं। सुरक्षा परिषद् के 15 सदस्यों में से ये कोई भी 9 सदस्य हो सकते हैं। परन्तु यदि कार्य विधि विषयों के अतिरिक्त किसी अन्य विषय के सम्बन्ध में निर्णय लेना हो तो 9 सदस्यों के स्वीकारात्मक मत में 5 स्थायी सदस्यों के मतों का होना अनिवार्य है। अर्थात स्थायी सदस्यों को निषेधाधिकार (Veto Power) प्राप्त है। अर्थात किसी प्रस्ताव पर मतदान के समय यदि एक भी स्थायी सदस्य उस प्रस्ताव के खिलाफ वोट करता है तो वह प्रस्ताव पास नहीं हो सकता है।

सुरक्षा परिषद् के कार्य और शक्तियां (POWERS AND FUNCTIONS OF THE SECURITY COUNCIL)

सुरक्षा परिषद् की मुख्य शक्तियों एवं कार्यों का वर्णन हम निम्नलिखित शीर्षकों के अन्तर्गत कर सकते

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की शक्तियाँ एवं कार्य

1. अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखना:

UNSC का मुख्य कार्य अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करना है। यह वैश्विक शांति को खतरे में डालने वाली स्थितियों में कूटनीतिक, आर्थिक और सैन्य उपायों के माध्यम से कार्रवाई कर सकता है।

2. संविधानिक प्रतिबंध लागू करना:

UNSC देशों पर आर्थिक, व्यापारिक और सैन्य प्रतिबंध लागू करने का अधिकार रखती है यदि कोई देश शांति के लिए खतरा बनता है या युद्ध, मानवाधिकारों का उल्लंघन, या अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन करता है। ये प्रतिबंध निम्नलिखित हो सकते हैं:

- व्यापार प्रतिबंध
- यात्रा प्रतिबंध
- संपत्तियों को फ्रीज करना
- हथियारों पर प्रतिबंध

3. सैन्य बल का प्राधिकरण:

यदि शांतिपूर्ण उपायों से समस्याओं का समाधान नहीं हो पाता, तो UNSC सैन्य बल के उपयोग को स्वीकृति दे सकती है। यह अध्याय VII के तहत किया जा सकता है, जिसमें अगर वैश्विक शांति पर गंभीर खतरा हो, तो सैन्य कार्रवाई का आदेश दिया जा सकता है।

4. शांति स्थापना मिशन:

UNSC शांति स्थापना मिशन की स्वीकृति दे सकती है, ताकि संघर्षों के बाद के क्षेत्रों में शांति को बहाल किया जा सके और हिंसा को रोकने के लिए उपाय किए जा सकें। इन मिशनों में UN सेना तैनात की जाती है जो शांति बनाए रखती है और संघर्ष विराम की निगरानी करती है।

5. स्थायी सदस्य देशों का वीटो अधिकार:

सुरक्षा परिषद के 5 स्थायी सदस्य (P5) – चीन, फ्रांस, रूस, यूनाइटेड किंगडम, और संयुक्त राज्य अमेरिका – को वीटो अधिकार प्राप्त है। इसका मतलब है कि यदि इनमें से कोई भी सदस्य किसी प्रस्ताव से सहमत नहीं है, तो वह इसे रोक सकता है, भले ही अन्य सदस्य पक्ष में वोट करें। यह वीटो अधिकार P5 देशों को UNSC के निर्णयों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने की शक्ति प्रदान करता है।

6. मामलों को अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में भेजना:

UNSC अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा से संबंधित कानूनी विवादों को अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (ICJ) में भेज सकती है, ताकि वह किसी विवाद पर कानूनी निर्णय या परामर्श दे सके।

7. सदस्यता अधिकार निलंबित करना:

UNSC किसी देश के सदस्यता अधिकारों को निलंबित कर सकती है, यदि वह संयुक्त राष्ट्र के सिद्धांतों का उल्लंघन करता है, जैसा कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 6 में कहा गया है।

8. नए सदस्य देशों को प्रवेश देना:

जबकि नए देशों को संयुक्त राष्ट्र में शामिल करने का कार्य सामान्य सभा का है, UNSC इस प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। UNSC को नए सदस्य के प्रवेश को मंजूरी देनी होती है, जिसे फिर सामान्य सभा में वोट के लिए प्रस्तुत किया जाता है।

9. अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को खतरे से बचाना:

UNSC संघर्षों, आक्रामकता, आतंकवाद, परमाणु प्रसार और मानवाधिकारों के उल्लंघन जैसी स्थितियों में हस्तक्षेप करती है। UNSC संबंधित पक्षों से संघर्ष विराम करने का आह्वान करती है, और यदि आवश्यक हो, तो सैन्य बल की स्वीकृति भी देती है।

10. संघर्षों की रोकथाम और कूटनीतिक प्रयास:

UNSC संघर्षों के होने से पहले ही उन्हें रोकने के लिए कूटनीतिक प्रयासों को प्रोत्साहित करती है। यह युद्धरत देशों के बीच मध्यस्थता कर सकती है, संघर्ष विराम की मांग कर सकती है, या शांति वार्ता में सहायता के लिए विशेष दूत भेज सकती है। UNSC क्षेत्रीय संगठनों और देशों के साथ मिलकर संघर्षों को बढ़ने से रोकने के लिए काम करती है।

11. शांति स्थापना और युद्ध के बाद पुनर्निर्माण:

UNSC संघर्षों के बाद शांति स्थापना मिशनों को मंजूरी देती है, ताकि शांति बहाल की जा सके और आगे हिंसा से बचा जा सके। इसके अतिरिक्त, यह युद्ध के बाद के पुनर्निर्माण चरण में तकनीकी सहायता, मानवीय सहायता और दीर्घकालिक शांति समझौतों को लागू करने में मदद करती है।

12. मानवतावादी सहायता और नागरिकों की सुरक्षा:

UNSC युद्धग्रस्त क्षेत्रों में मानवीय हस्तक्षेप की स्वीकृति दे सकती है, जिसमें शरणार्थियों और नागरिकों की सुरक्षा शामिल है। यह मानवीय सहायता, सुरक्षित क्षेत्र बनाने और अन्य सहायता उपायों के लिए समर्थन प्रदान कर सकती है।

13. सैन्य और गैर-सैन्य उपायों का प्राधिकरण:

UNSC अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा समस्याओं का समाधान करने के लिए सैन्य और गैर-सैन्य उपायों का चयन कर सकती है। इनमें कूटनीतिक प्रयास, प्रतिबंध, या तथ्यान्वेषण मिशन की स्वीकृति शामिल हो सकती है। यदि इन उपायों से समाधान नहीं होता, तो UNSC सैन्य हस्तक्षेप की स्वीकृति दे सकती है, जिसे अक्सर संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा विभाग द्वारा संचालित किया जाता है।

14. निगरानी और रिपोर्टिंग:

UNSC शांति मिशनों और संघर्ष क्षेत्रों में नियमित रिपोर्ट प्राप्त करती है और स्थिति की निगरानी करती है। यह अन्य UN निकायों, जैसे अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) से भी रिपोर्ट प्राप्त करती है ताकि परमाणु प्रसार या अन्य सुरक्षा खतरों का आकलन किया जा

सके।

15. निरस्त्रीकरण को बढ़ावा देना :

UNSC विशेष रूप से विनाशकारी हथियारों जैसे परमाणु, रासायनिक और जैविक हथियारों के प्रसार को रोकने के लिए निरस्त्रीकरण को बढ़ावा देती है। यह नॉन-प्रोलिफरेशन संधि (NPT) जैसी अंतर्राष्ट्रीय संधियों के अनुपालन की निगरानी करती है और देशों को अपनी हथियार नीतियों में सुधार के लिए प्रेरित करती है।

16. . अन्य UN निकायों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ समन्वय :

UNSC अन्य UN अंगों, जैसे सामान्य सभा और आर्थिक और सामाजिक परिषद (ECOSOC), तथा अंतर्राष्ट्रीय संगठनों जैसे विश्व बैंक, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF), और क्षेत्रीय संगठनों जैसे अफ्रीकी संघ (AU) और यूरोपीय संघ (EU) के साथ मिलकर काम करती है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि शांति और सुरक्षा प्रयास मानवाधिकार और आर्थिक पहलुओं से भी जुड़े हों।

17. निर्णयों का पालन सुनिश्चित करना :

UNSC द्वारा लागू किए गए प्रतिबंधों या सैन्य हस्तक्षेप के बाद यह सुनिश्चित करती है कि संबंधित देश इन निर्णयों का पालन कर रहे हैं। यह स्थिति के आधार पर अपनी रणनीतियों को भी समायोजित कर सकती है।

निष्कर्ष : संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने में एक महत्वपूर्ण संस्था है। इसकी शक्तियाँ और कार्य संघर्षों की रोकथाम, शांति स्थापना, सैन्य हस्तक्षेप, प्रतिबंध लागू करने और अन्य वैश्विक सुरक्षा प्रयासों को सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाते हैं। हालांकि, स्थायी सदस्य देशों के वीटो अधिकार के कारण आलोचना भी होती है, फिर भी UNSC वैश्विक संघर्षों के समाधान और शांति की स्थापना में केंद्रीय भूमिका निभाती है।

निषेधाधिकार (VETO POWER)

सुरक्षा परिषद् के पांच स्थायी सदस्य-संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस, ग्रेट ब्रिटेन, फ्रांस और चीन हैं। यहां यह वर्णनीय है कि पहले सोवियत संघ संयुक्त राष्ट्र का स्थायी सदस्य था, परन्तु दिसम्बर, 1991 में सोवियत संघ का विघटन हो गया था और इस देश का अस्तित्व समाप्त हो गया था। इस कारण उसके स्थान पर रूस को सुरक्षा परिषद् का स्थायी सदस्य बनाया गया था। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि रूस पहले सोवियत संघ का ही एक गणराज्य था। इन पांचों स्थायी सदस्यों को निषेधाधिकार (Veto Power) प्रदान किया गया है। इस प्रकार यदि इनमें से एक देश भी किसी निर्णय/प्रस्ताव के विरुद्ध हो तो वह निर्णय /प्रस्ताव प्रभावी नहीं हो सकता। संयुक्त राष्ट्र संघ के चार्टर के अनुच्छेद 27 में सुरक्षा परिषद् में मतदान प्रक्रिया का वर्णन किया गया है।

आर्थिक और सामाजिक परिषद् (THE ECONOMIC AND SOCIAL COUNCIL)

संयुक्त राष्ट्र के छः मुख्य अंगों में आर्थिक और सामाजिक परिषद् एक मुख्य अंग है। विश्व शान्ति की स्थापना के लिए राजनीतिक समस्याओं का समाधान ही पर्याप्त नहीं है, अपितु मनुष्य की आर्थिक और सामाजिक समस्याओं का समाधान, करना भी विश्व शान्ति के लिए अत्यावश्यक है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु संयुक्त राष्ट्र ने आर्थिक और सामाजिक परिषद् का गठन किया है। यह परिषद् संयुक्त राष्ट्र के चार्टर द्वारा प्रदत्त आर्थिक और सामाजिक कार्य सम्पन्न करती है।

आर्थिक और सामाजिक परिषद् के उद्देश्य (Aims and Objectives of Economic and Social Council)-संयुक्त राष्ट्र के चार्टर का अनुच्छेद 55 आर्थिक और सामाजिक परिषद् के उद्देश्यों से सम्बन्धित है। इस अनुच्छेद में से आर्थिक और सामाजिक परिषद् के निम्नलिखित उद्देश्य निश्चित किए गए हैं:-

(i) जीवन के उच्च स्तर, पूर्ण रोजगार और आर्थिक तथा सामाजिक प्रगति और विकास की अवस्थाएं उत्पन्न करना।

(ii) अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक, सामाजिक, स्वास्थ्य तथा अन्य समस्याओं के समाधान और अन्तर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक तथा शैक्षणिक सहयोग विकसित करना।

(iii) वंश, लिंग, भाषा या धर्म के आधार पर भेदभाव के बिना सभी मानव अधिकारों और मौलिक स्वतन्त्रताओं के विषय में सार्वभौमिक

सम्मान और उनके पालन का विकास करना।

आर्थिक और सामाजिक परिषद् की रचना (Composition of the Economic and Social Council) — चार्टर के अध्याय 10 के अनुच्छेद 61 में आर्थिक और सामाजिक परिषद् की रचना का उल्लेख किया गया है। मूल रूप में इसके सदस्यों की कुल संख्या 18 थी। 1965 में चार्टर में संशोधन करके इसके सदस्यों की संख्या 18 से बढ़ाकर 27 कर दी गई थी। इसी प्रकार 20 दिसम्बर, 1971 को एक अन्य संशोधन द्वारा इसके सदस्यों की संख्या 27 से बढ़ाकर 54 कर दी गई थी। इस प्रकार वर्तमान समय आर्थिक और सामाजिक परिषद् के कुल 54 सदस्य है।

निर्वाचन (Election)-आर्थिक और सामाजिक परिषद् के सदस्यों का निर्वाचन महासभा द्वारा किया जाता है। महासभा अपने उपस्थित और मतदान में भाग ले रहे सदस्यों के 2/3 बहुमत से इसके सदस्यों का निर्वाचन करती है। इसके 1/3 सदस्य अर्थात् 18 सदस्य एक वर्ष के पश्चात् अवकाश ग्रहण करते हैं और उनके स्थान पर नए सदस्य निर्वाचित कर लिए जाते हैं। आर्थिक और सामाजिक परिषद् के सदस्य तीन वर्ष के कार्यकाल के लिए निर्वाचित किए जाते हैं।

अधिवेशन (Session)- इसके अधिवेशन साधारणतः इसके एक वर्ष में दो अधिवेशन होते हैं। ये अधिवेशन साधारणतः अप्रैल एवं जुलाई मास में क्रमशः न्यूयार्क और जनेवा में होते हैं, यदि सदस्यों का बहुमत चाहे तो इसके सम्मेलन किसी अन्य स्थान पर भी आयोजित किए जा सकते हैं।

मतदान प्रक्रिया (Voting Procedure)- आर्थिक और सामाजिक परिषद् के प्रत्येक सदस्य को एक मत देने का अधिकार होता है। इसकी बैठकों में निर्णय इसके उपस्थित एवं मतदान में भाग लेने वाले सदस्यों के साधारण बहुमत से लिए जाते हैं। यह किसी गैर-सदस्यों को अपनी बैठकों में भाग लेने के लिए आमन्त्रित कर सकती हैं। ऐसे गैर-सदस्य बैठक में वाद-विवाद में भाग तो ले सकते हैं, परन्तु मतदान में भाग लेने का अधिकार नहीं होता। यह परिषद् आवश्यकता पड़ने पर गैर-सरकारी राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों से भी परामर्श ले सकती है, परन्तु ऐसे संगठनों को इसकी बैठकों में भाग लेने का अधिकार नहीं होता।

अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष (President and Vice President) - संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अनुच्छेद 73 में यह व्यवस्था है कि आर्थिक और सामाजिक परिषद् प्रतिवर्ष अपने एक अध्यक्ष तथा दो उपाध्यक्षों का निर्वाचन करेगी।

आयोग और समितियां (Commissions and Committees)- आर्थिक और सामाजिक परिषद् को अपने कार्य सुचारु रूप से चलाने के लिए चार्टर के अनुच्छेद 68 में आयोग और समितियां गठित करने का अधिकार दिया गया है। इस अधिकाराधीन इस परिषद् ने कई आयोग समितियां गठित की हैं। इस परिषद् के दो प्रकार के आयोग हैं- (1) कार्यात्मक आयोग और क्षेत्रीय आयोग।

1. कार्यात्मक आयोग (Functional Commissions)

ये आयोग इस प्रकार है-

(i) परिवहन एवं संचार आयोग (ii) सांख्यिकी आयोग

(iii) जनसंख्या आयोग (iv) सामाजिक आयोग

(v) मानव अधिकार आयोग. (vi) महिलाओं के लिए सामाजिक स्तर आयोग

(vii) मादक पदार्थ आयोग (viii) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार आयोग

(ix) वित्त आयोग

2. क्षेत्रीय आयोग (Regional Commissions)- इन आयोगों की स्थापना किसी क्षेत्र विशेष की आर्थिक और सामाजिक समस्याओं के अध्ययन और समाधान के उद्देश्य से की जाती है। ऐसे आयोगों को गठित करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखा जाता है कि इस आयोग के सदस्य सम्बद्ध क्षेत्र विशेष के देश ही हों। इन आयोगों के नाम इस प्रकार है-

(i) यूरोप सम्बन्धी आर्थिक आयोग (Economic Commission relating to Europe-1947).

(ii) एशिया और सुदूर पूर्व एशिया के विषय में आर्थिक आयोग (Economic Commission relating to the Asia and Far East Asia-1947)

(iii) लेटिन अमेरिका के विषय में आर्थिक आयोग (Economic Commission relating to Latin America-1948)

(iv) अफ्रीका के विषय में आर्थिक आयोग (Economic Commission Relating to Africa-1958)

आर्थिक और सामाजिक परिषद् की स्थायी समितियां (Standing Committees of Economic and Social Council) उपर्युक्त आयोगों तथा उप आयोगों के अतिरिक्त आर्थिक और सामाजिक परिषद् की निम्नलिखित स्थायी समितियां भी हैं-

(i) प्राविधिक सहायतार्थ समिति (Committee Relating to Technical Assistance)

(ii) अन्तर्राष्ट्रीय वार्ता समिति (Committee relating to Negotiations with Inter State Institution.)

(iii) गैर-सरकारी संस्थाओं से परामर्श लेने के लिए समिति (Council Committee relating to Non-Governmental Institution)

(iv) कार्यालयी समिति (Agenda Committee)

(v) बैठकों के कार्यक्रम के लिए अन्तरिम समिति (Interim Committee Relating to Programme of Meetings.)

आर्थिक और सामाजिक परिषद् के कार्य (FUNCTIONS OF THE ECONOMIC AND SOCIAL COUNCIL)

आर्थिक और सुरक्षा परिषद् द्वारा अनेक कार्य सम्पन्न किए जाते हैं। इस परिषद् के मुख्य कार्य इस प्रकार है-

1. अध्ययन और प्रतिवेदन (Study and Report) संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अनुच्छेद 62 (1) द्वारा आर्थिक और सामाजिक परिषद् को अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य और इनसे सम्बद्ध विषयों के सम्बन्ध में अध्ययन करने और इस विषय में अपनी सिफारिशें महासभा, संयुक्त राष्ट्रों के सदस्यों और सम्बन्धित विशिष्ट अभिकरणों को प्रतिवेदन के रूप में भेजने का दायित्व सौंपा गया है।

2. विचार विनिमय और सिफारिश (Delibration and Recommendation)- आर्थिक और सामाजिक परिषद् का दूसरा कार्य अपने क्षेत्राधिकार में निहित विषयों पर विचार विनिमय करके अपनी सिफारिशें करना है। संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अनुच्छेद 62 (1) में यह स्पष्ट व्यवस्था है कि "आर्थिक और सामाजिक परिषद् अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य और इनसे सम्बद्ध विषयों के सम्बन्ध में अध्ययन करके इस विषय में अपनी सिफारिशें महासभा, संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों और सम्बद्ध विशिष्ट अभिकरणों को भेजेगी।" यहां यह वर्णनीय है कि इसकी सिफारिशों के पीछे कोई बाध्यकारी शक्ति नहीं है। इसकी सिफ़ारिशों को मानना सदस्य राष्ट्रों के लिए अनिवार्य नहीं है।

3. आर्थिक और प्राविधिक सहायता कार्य (Economic and Technical Assistance Functions)- इसका एक अन्य महत्त्वपूर्ण कार्य विश्व के अविकसित देशों का आर्थिक और प्राविधिक सहायता प्रदान करवाना है। सम्पूर्ण विश्व की लगभग 70% जनसंख्या अल्प विकसित और विकासशील देशों में निवास करती है। इनका जीवन स्तर बहुत निम्न है। उन्हें सामाजिक रूप में ऊंचा उठाने के लिए इन देशों का आर्थिक विकास अनिवार्य है। अतः संयुक्त राष्ट्र ने आर्थिक और प्राविधिक सहायता देने का दायित्व आर्थिक और सामाजिक परिषद् पर डाला है। आर्थिक परिषद् यह सहायता प्राविधिक दक्षता (Technical Skill) एवं आवश्यक उपकरण, यन्त्र, मशीनें आदि उपलब्ध करवा कर करती है।

4. मानव अधिकारों का विकास (Development of Human Rights) संयुक्त राष्ट्र का एक उद्देश्य यह है कि सभी देशों के लोगों को जाति, धर्म, नस्ल या रंग के आधार के बिना भेदभाव किए मानव अधिकार तथा स्वतन्त्रताएं प्राप्त हो। संयुक्त राष्ट्र ने इस उद्देश्य की पूर्ति का दायित्व आर्थिक और सुरक्षा परिषद् पर डाला है। परिषद् को मानव अधिकारों की रक्षार्थ योजनाएं बनाने की शक्ति प्रदान की गई है। अपनी इस शक्ति का प्रयोग करते हुए इस परिषद् ने 1946 में मानव अधिकार आयोग का गठन किया था।

5. सहयोग और समन्वय (Co-operation and Co-ordination)- चार्टर के अनुच्छेद 63 में यह स्पष्ट व्यवस्था है कि "आर्थिक और सामाजिक परिषद् विशिष्ट अभिकरणों के कार्य-कलापों में विचार-विमर्श और सिफारिशों द्वारा समन्वय स्थापित कर सकती है।" इस प्रकार स्पष्ट है कि आर्थिक और सामाजिक परिषद् आर्थिक और सामाजिक सहयोग का एक मुख्य साधन है।

न्यास व्यवस्था और न्यासिता परिषद् (THE TRUSTEESHIP SYSTEM AND THE TRUSTEESHIP COUNCIL)

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की न्यास व्यवस्था की स्थापना न्यासिता क्षेत्रों के प्रशासन की देखरेख के लिए की गई थी, जो पूर्व उपनिवेश या क्षेत्र थे जिन्हें संयुक्त राष्ट्र की देखरेख में रखा गया था, जिसका लक्ष्य उनकी स्वशासन और विकास को बढ़ावा देना था।

संयुक्त राष्ट्र के ट्रस्टशिप सिस्टम के तहत न्यास प्रदेश उस क्षेत्र को कहा जाता था जिसे अंतरराष्ट्रीय निगरानी और प्रशासन के तहत एक "विश्वसनीय" देश के अधीन रखा जाता था, ताकि उस क्षेत्र को आत्म-शासन और अंततः स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए तैयार किया जा सके।

ये क्षेत्र आमतौर पर पूर्व उपनिवेश या युद्ध से पहले और बाद के ऐसे इलाके थे, जो संयुक्त राष्ट्र के ट्रस्टशिप सिस्टम के तहत रखा गया था, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वहां के निवासियों के अधिकारों और कल्याण की रक्षा की जाए, साथ ही उन्हें आत्म-शासन की दिशा में मार्गदर्शन किया जाए।

संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अध्याय 11 और 12 इस व्यवस्था का उल्लेख करते हैं। इन अध्यायों में अनुच्छेद 73 से 85 तक सम्मिलित हैं। इसके साथ ही अध्याय 13 जिसमें अनुच्छेद 86 से 91 तक सम्मिलित है न्यासिता परिषद् से सम्बद्ध है।

अनुच्छेद 73 में गैर-स्वशासित क्षेत्रों के विषय में प्रशासन सदस्यों अर्थात् न्याय ग्रहण करने वाले सदस्यों के दायित्व अंकित किए गए हैं। इस अनुच्छेद में प्रशासक सदस्यों के विषय में अंकित हैं कि वे अपने अधीन क्षेत्रों का प्रशासन, उन क्षेत्रों के निवासियों के हितों के अनुसार चलाएंगे और उन लोगों के कल्याणार्थ कार्य करेंगे। इन मन्तव्यों की प्राप्ति हेतु उन क्षेत्रों के प्रशासक निम्नलिखित कार्य करेंगे-

(a) उनके राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक प्रगति, उनसे अच्छा व्यवहार और कुप्रयोग के विरुद्ध उनकी सुरक्षा को विश्वसनीय बनाना।

(b) उन क्षेत्रों में स्वशासन को विकसित करना, उन क्षेत्रों के लोगों की राजनीतिक आकांक्षाओं को ध्यान में रखना और उनके स्वतन्त्र राजनीतिक संस्थाओं के सहज विकास में उनकी सहायता करना।

(c) अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति और सुरक्षा को बढ़ावा देना।

(d) विकास के विषय में सृजानात्मक कार्यवाहियों को विकसित करना, परस्पर सहयोग करना, इस अनुच्छेद में अंकित सामाजिक, आर्थिक और वैज्ञानिक उद्देश्यों के विषय में व्यावहारिक प्राप्ति हेतु विशिष्ट अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं से सहयोग करना।

(e) गैर-स्वशासित क्षेत्रों की आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक अवस्थाओं के विषय में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव को निरन्तर सूचनाएं प्रदान करना।

चार्टर के अनुच्छेद 75 के अन्तर्गत न्यास प्रणाली की व्यवस्था की गई है। इस अनुच्छेद में यह व्यवस्था है कि

"संयुक्त राष्ट्र अपनी सत्ता के अन्तर्गत एक अन्तर्राष्ट्रीय न्यासिता प्रणाली स्थापित करेगा। यह प्रणाली उन क्षेत्रों के प्रशासन और निगरानी के लिए स्थापित की जाएगी जो क्षेत्र व्यक्तिगत समझौतों द्वारा इस प्रणाली के अधीन रखे जाएंगे। न्यासिता प्रणाली के अधीन रखे गए क्षेत्रों को संरक्षित क्षेत्र कहा जाएगा।"1

न्यास प्रणाली के मौलिक उद्देश्य (The Basic Objectives of Trusteeship System)- न्याय प्रणाली के मौलिक उद्देश्यों का वर्णन संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अनुच्छेद 76 में किया गया है। इस अनुच्छेद में यह अंकित है कि, "संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अनुच्छेद प्रथम में अंकित संयुक्त राष्ट्र के उद्देश्यों के अनुसार न्यास व्यवस्था के मुख्य उद्देश्य इस प्रकार होंगे-"

(i) अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति और सुरक्षा को विकसित करना।

(ii) संरक्षित क्षेत्रों के निवासियों के राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक विकास में वृद्धि करना।

(iii) स्वशासन या स्वतन्त्रता के प्रति उनके सहज विकास के लिए प्रयास करना।

(iv) नस्ल, लिंग, भाषा या धर्म पर आधारित भेदभाव के बिना मानव अधिकारों को और सभी के लिए मौलिक स्वतन्त्रताओं के प्रति सम्मान को प्रोत्साहित करना।

(v) इस बात को प्रोत्साहित करना कि विश्व के लोग अन्तर्निर्भर हैं।

(vi) सामाजिक, आर्थिक और व्यापारिक विषयों में संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्यों और उनके देशवासियों से समान व्यवहार को विश्वसनीय बनाना।

न्यास व्यवस्था के अन्तर्गत आने वाले प्रदेश-न्यास प्रणाली का क्षेत्र अधिदेश प्रणाली (Mandate System) से पर्याप्त विस्तृत है। अधिदेश प्रणाली में केवल वही क्षेत्र सम्मिलित किए गए थे जो क्षेत्र जर्मनी और टर्की से छीने गए थे, परन्तु न्यास प्रणाली समस्त परतन्त्र देशों से सम्बद्ध है। न्यास प्रणाली के अन्तर्गत आने वाले प्रदेशों को दो भागों में विभक्त किया जा सकता है-

(i) गैर-स्वशासित प्रदेश (Non-Self Governing Territories)

(ii) न्यासिता प्रदेश (Trust Territories)

गैर-स्वशासित प्रदेशों में वे समस्त परतन्त्र देश और उपनिवेश सम्मिलित हैं जिन्हें संरक्षित प्रदेश नहीं बनाया गया है। ये प्रदेश ब्रिटेन और फ्रांस के अधीन हैं। इन प्रदेशों के विषय में चार्टर में कोई विशेष नियम अंकित नहीं हैं। चार्टर में केवल इतना ही अंकित है इन प्रदेशों के विषय में समय-समय पर महासचिन को सूचना दी जाए।

न्यास प्रवेश के विषय में अनुच्छेद 77 में स्पष्ट व्यवस्था की गई है। इस अनुच्छेद के अनुसार न्यास प्रदेश वे हैं जिन्हें न्यास समझौतों के माध्यम से न्यास प्रदेश बना दिया गया है। न्यास समझौते सम्बद्ध देशों के बीच होते हैं और उन्हें महासभा द्वारा स्वीकृति मिलना अनिवार्य है। अनुच्छेद 77 के अनुसार न्यास क्षेत्र अग्रलिखित तीन प्रकार के हैं-

(a) जो क्षेत्र अधिदेश प्रणाली (Mandate System) के अन्तर्गत राज्यों के पास हैं। यहां यह उल्लेखनीय है कि ऐसी प्रणाली राष्ट्र संघ की प्रसंविदा (Covenent of League of Nations) के अन्तर्गत लागू थी।

(b) द्वितीय विश्व युद्ध के फलस्वरूप शत्रु देशों से छीने गए प्रदेश।

(c) ऐसे क्षेत्र जो राज्यों द्वारा स्वेच्छा से न्यासिता प्रणाली को सौंपे जाएंगे। यहां यह उल्लेखनीय है कि आज तक किसी भी राष्ट्र ने स्वेच्छा से कोई प्रदेश न्यास प्रणाली को नहीं सौंपा है।

दिसम्बर, 1949 तक निम्नलिखित 11 क्षेत्र न्यास समझौतों द्वारा न्यास क्षेत्र बनाए गए थे। इनमें से अधिकतर प्रदेश स्वतन्त्र हो चुके हैं।

1. पश्चिमी समोआ- इसका प्रशासन न्यूजीलैंड को सौंपा गया था। प्रथम जनवरी, 1962 को यह प्रदेश स्वतन्त्र हो गया था और एक प्रभुसत्ता सम्पन्न राज्य के रूप में विश्व मानचित्र में अंकित हो गया था।

2. फ्रेंच टोगोलैण्ड-इस देश का प्रशासक फ्रांस के हाथों में था। 17 अप्रैल, 1960 को यह प्रदेश स्वतन्त्र राज्य बन गया था।

3. फ्रेन्च कैमरून्स-इस देश का प्रशासन भी फ्रांस को सौंपा गया था। प्रथम जनवरी, 1960 को यह स्वतन्त्र देश बन गया था।

4. रूआण्डा और उरुण्डी-इन दोनों न्यास क्षेत्रों का प्रशासक बेल्जियम को बनाया गया था। प्रथम जुलाई, 1962 को इन्हें स्वतन्त्रता प्राप्त हो गई थी और दोनों अलग-अलग स्वतन्त्र देश बने थे।

5. न्यूगिनी-इस प्रदेश का प्रशासक ऑस्ट्रेलिया है। यह अभी तक स्वतन्त्र नहीं हो सका है।

6. सोमाली लैण्ड-इसका प्रशासन इटली को सौंपा गया था। यह प्रदेश प्रथम जुलाई, 1960 को स्वतन्त्र हो गया था।

7. ब्रिटिश टोगोलैण्ड- इस क्षेत्र का प्रशासक इंग्लैंड था। यह प्रदेश 6 मार्च, 1957 को स्वतन्त्र देश बन गया या।

8. प्रशान्त महासागर के दीप इन द्वीपों का प्रशासक अमेरिका है। इन्हें अभी तक स्वायत्तता नहीं मिली है।

9. नौरू द्वीप इस का प्रशासन ऑस्ट्रेलिया को सौंपा गया था। 31 जनवरी, 1968 को इसे स्वतन्त्रता प्राप्त हो गई थी।

10. ब्रिटिश कैमरून्स-इसका प्रशासन ब्रिटेन के पास था। प्रथम जुलाई, 1961 को यह स्वतन्त्र देश बन गया था।

11. टांगानीका – इसका प्रशासन भी ब्रिटेन के पास था। नौ दिसम्बर, 1961 को यह स्वतन्त्र हो गया था।

इस प्रकार स्पष्ट है कि न्यूगिनी और प्रशान्त महासागर द्वीपों के अतिरिक्त शेष सभी प्रदेश स्वतन्त्र देश बन चुके हैं।

न्यास प्रदेशों का वर्गीकरण (Classification of Trust Territories) न्यास प्रदेशों का वर्गीकरण दो भागों में किया जा सकता है:-

(i) सामान्य न्यास प्रदेश और

(ii) सामरिक महत्त्व के न्यास प्रदेश।

अनुच्छेद 82 में यह व्यवस्था है कि "सामरिक महत्त्व वाले प्रदेश या प्रदेशों को न्यास समझौतों में विशेष परिपेक्ष्य में वर्णित किया जाएगा।"

अनुच्छेद 83 में यह व्यवस्था है कि "सामरिक महत्त्व वाले क्षेत्रों के विषय में संयुक्त राष्ट्र के समस्त कार्य सुरक्षा परिषद् द्वारा किए जाएंगे। इन कार्यों में न्यास समझौतों को स्वीकार करना भी सम्मिलित है।" इस प्रकार सामरिक महत्त्व वाले न्यास प्रदेशों को सुरक्षा परिषद् के अधीन रखा गया है।

सामान्य न्यास क्षेत्रों के विषय में संयुक्त राष्ट्र के कार्य महासभा द्वारा किए जाते है।

मौके पर निरीक्षण की व्यवस्था (Provision for on the Spot-Supervision)- न्यास व्यवस्था के अन्तर्गत मौके पर जाकर निरीक्षण करने की व्यवस्था है। न्यास परिषद् के प्रतिनिधि तीन वर्ष में कम-से-कम एक बार न्यास प्रदेशों का भ्रमण करके मौके पर निरीक्षण अवश्य करते हैं। इस निरीक्षण का पर्याप्त गहन प्रभाव पड़ता है।

न्यासिता परिषद् (TRUSTEESHIP COUNCIL)

संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अध्याय 13 में न्यासिता परिषद् की व्यवस्था की गई है। इस अध्याय में अनुच्छेद 86 से 91 तक सम्मिलित है। न्यासिता परिषद् की रचना, कार्यविधि, शक्तियों और कार्यों का वर्णन इस प्रकार है-

न्यासिता परिषद् की रचना (Composition of Trusteeship Council) यासिता परिषद् की रचना का वर्णन चार्टर के अनुच्छेद 86 में किया गया है। इस अनुच्छेद के अनुसार न्यासिता परिषद् में निम्नलिखित सदस्य सम्मिलित होंगे-

(a) जो सदस्य न्यास प्रदेशों का प्रशासन चला रहे हैं।

(b) संयुक्त राज्य अमेरिका, फ्रासं, चीन, ग्रेट ब्रिटेन और रूस। अन्य शब्दों में सुरक्षा परिषद् के स्थायी सदस्य, वद्यपि वे न्यास क्षेत्रों का प्रशासन नहीं कर रहे, वे न्यासिता परिषद् में सम्मिलित होंगे।

(c) न्यास क्षेत्रों का प्रशासन करने वाले सदस्यों और सुरक्षा परिषद् के स्थायी सदस्यों में से जो देश न्यास प्रदेशों का प्रशासन नहीं चलाते, इन दोनों प्रकार के देशों की संख्या के समान और सदस्य महासभा तीन वर्ष के लिए निर्वाचित किए जाएंगे।

अनुच्छेद 86 में यह व्यवस्था भी की गई है न्यासिता परिषद् का प्रत्येक सदस्य अपने एक विशिष्ट व्यक्ति को मनोनीत करेगा जो उस सदस्य का परिषद् में प्रतिनिधित्व करेगा।

मतदान विधि (Voting Procedure) – संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अनुच्छेद 89 में न्यासिता परिषद् में मतदान की विधि अंकित है। इन

अनुच्छेद में यह व्यवस्था है कि न्यासिता परिषद् के प्रत्येक सदस्य को एक मत देने का अधिकार होगा और न्यासिता परिषद् की बैठकों में निर्णय उपस्थित और मतदान में भाग लेने वाले सदस्यों के बहुमत द्वारा लिए जाएंगे।

न्यासिता परिषद् की कार्य-विधि (Procedure of Trusteeship Council)- चार्टर के अनुच्छेद 90 के अन्तर्गत न्यासिता परिषद् की कार्यविधि का वर्णन है। इन अनुच्छेद में यह व्यवस्था है कि न्यासिता परिषद् अपने विधि नियम स्वयं निश्चित करेगी। इन विधि नियमों में परिषद् के अध्यक्ष के निर्वाचन की विधि भी सम्मिलित होगी। इसके अतिरिक्त न्यासिता परिषद् की बैठकें उस द्वारा निश्चित विधि नियमों भी सम्मिलित होंगी।

न्यासिता परिषद् का संयुक्त राष्ट्र के अन्य अंगों और विशेष अभिकरणों के साथ सम्बन्ध (The relation of Trusteeship Council with other organs and specialized Agencies of United Nations) संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अनुच्छेद 91 में न्यासिता परिषद् के संयुक्त राष्ट्र के अन्य अंगों तथा विशिष्ट अभिकरणों के परस्पर सम्बन्धों के विषय में वर्णन किया गया है। इस अनुच्छेद के अनुसार, "न्यासिता परिषद् अपने कार्यों के विषय में आर्थिक और सामाजिक परिषद् की सहायता ले सकती है और सम्बद्ध विशिष्ट अभिकरण की सहायता से भी लाभ उठा सकती है।"

इस प्रकार स्पष्ट है कि न्यास परिषद् अपने सामाजिक और आर्थिक विषयों के समाधान के लिए आर्थिक और सामाजिक परिषद् तथा विशेष कार्य करने वाले संस्थाओं से सहायता ले सकती है।

न्यासिता परिषद् के कार्य और शक्तियां (POWERS AND FUNCTIONS OF TRUSTEESHIP COUNCIL)

संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अनुच्छेद 87 और 88 में इस परिषद् के कार्यों का वर्णन किया गया है। न्यासिता परिषद् के कार्यों का वर्णन इस प्रकार किया जा सकता है :-

1. वार्षिक प्रतिवेदनों पर विचार करना (To Consider the Annual Reports)- अनुच्छेद 87 में यह व्यवस्था है कि न्यास क्षेत्रों की प्रशासकीय सत्ता द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदनों पर न्यासिता परिषद् द्वारा विचार किया जाएगा। न्यास प्रदेशों का प्रशासन चलाने वाले देश को अपने अधीन न्यास प्रदेश की स्थिति के विषय में प्रतिवर्ष प्रतिवेदन भेजना पड़ता है। यह प्रतिवेदन न्यास प्रदेश द्वारा बनाई गई प्रश्नावली के अनुसार होता है।

2. न्यास प्रदेशों के निवासियों के आवेदनों पर विचार करना (To consider the petitions of the inhabitants of the Trust Territories)- न्याय प्रदेशों के निवासी न्यासिता परिषद् को लिखित या मौखिक आवेदन भेज सकते हैं। ऐसे आवेदनों पर न्यास परिषद् द्वारा विचार किया जाता है। न्यासिता परिषद् को वार्षिक प्रतिवेदनों से सूचनाएं तो उपलब्ध हो जाती हैं, परन्तु उसे न्यास प्रदेशों के निवासियों की वास्तविक स्थिति का ज्ञान उपलब्ध नहीं हो पाता। इसीलिए न्यासिता परिषद् को यह अधिकार दिया गया है कि वे न्यास प्रदेशों के निवासियों के आवेदन-पत्र स्वीकार करके उन पर विचार करें।

3. मौके पर निरीक्षण करना (To make spot enquiry)- न्यासिता परिषद् न्यास क्षेत्रों में समय-समय अपना निरीक्षण मण्डल भेजती रहती है। साधारणतः तीन वर्ष के समय में यह एक बार अवश्य भेजा जाता है। इस निरीक्षण मण्डल के प्रतिनिधियों द्वारा न्यास क्षेत्रों के निवासियों से बातचीत की जाती है और प्रशासक देश द्वारा भेजे गए प्रतिवेदन की सूचनाओं की पुष्टि इस बातचीत के आधार पर की जाती है।

न्याय का अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय (INTERNATIONAL COURT OF JUSTICE)

न्याय के अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय की व्यवस्था संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अध्याय 14 में की गई है। इस अध्याय में अनुच्छेद 92 से 96 तक अंकित है। अनुच्छेद 92 द्वारा इसे संयुक्त राष्ट्र का मुख्य न्यायिक अंग घोषित किया गया है। न्याय के अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय की रचना, शक्तियों एवं कार्यों का वर्णन इस प्रकार किया जा सकता है-

न्याय के अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय की रचना (Composition of International Court of Justice)- वर्तमान समय

इस न्यायालय के कुल 15 न्यायाधीश हैं। इन न्यायाधीशों का निर्वाचन महासभा द्वारा 9 वर्ष के कार्यकाल के लिए किया जाता है। प्रत्येक

तीन वर्ष के पश्चात् इसके लिए एक तिहाई अर्थात् 5 सदस्य अवकाश ग्रहण कर लेते हैं।

न्यायाधीशों की योग्यताएं (Qualifications of the Judges) न्याय के अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय का न्यायाधीश

बनने के लिए निम्नलिखित योग्यताएं अनिवार्य हैं-

(i) प्रत्याशी चरित्रवान् और नैतिक दृष्टि से श्रेष्ठ होना चाहिए।

(ii) उसमें वे सभी योग्यताएं हों जो योग्यताएं उनके अपने देश के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के लिए निश्चित की गई हैं।

(iii) उसे अन्तर्राष्ट्रीय विधि का पूर्ण ज्ञान हो।

(iv) उसका नाम सदस्य राष्ट्रों द्वारा प्रस्तावित किया गया हो।

कार्यकाल (Tenure) —अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय के न्यायाधीश 9 वर्ष के समय के लिए निर्वाचित किए जाते हैं। इस प्रकार उनका कार्यकाल 9 वर्ष है। परन्तु प्रत्येक तीन वर्ष के पश्चात् इसके एक तिहाई सदस्य अवकाश ग्रहण कर लेते हैं, और उनके स्थान पर नए न्यायाधीश निर्वाचित कर लिए जाते हैं। न्यायाधीशों को पुनः निर्वाचित भी किया जा सकता है।

गणपूर्ति (Quorum)- अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय की गणपूर्ति 9 निश्चित की गई है। इसका अभिप्राय यह है कि जब तक इस न्यायालय के 9 न्यायाधीश उपस्थित न हों इसकी बैठक आरम्भ नहीं की जा सकती।

भाषा (Language)- न्याय के अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय की भाषा अंग्रेजी और फ्रांसीसी है। अन्य भाषाओं को भी अधिकृत रूप में प्रयोग में लाया जा सकता है।

मुख्यालय (Headquarter)- इसका मुख्यालय हेग नगर में स्थित है। परन्तु यह अपनी बैठक किसी अन्य स्थान पर भी कर सकता है।

मतदान (Voting)- अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय में सभी निर्णय न्यायाधीशों के साधारण बहुमत से लिए जाते हैं। यदि किसी निर्णय पर न्यायाधीशों के पक्ष और विरोध में समान मत हो तो अध्यक्ष को अपना निर्णायक मत (Casting Vote) देने का अधिकार होता है।

अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष (Chairman and Vice-Chairman)— अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय के न्यायाधीश अपने में से एक अध्यक्ष तथा एक उपाध्यक्ष का चुनाव करते हैं। इसकी बैठकों की अध्यक्षता अध्यक्ष करता है, उसकी अनुपस्थिति में उसकी बैठकों की अध्यक्षता उपाध्यक्ष द्वारा की जाती है।

कार्य विधि (Procedure) —अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय अपने विधि नियमों का निर्माण स्वयं करता है। न्यायालय में विषय अधिसूचना द्वारा या रजिस्ट्रार के नाम लिखित प्रार्थना पत्र द्वारा प्रस्तुत किए जाते हैं। इसके पश्चात् रजिस्ट्रार द्वारा दोनों पक्षों को सूचित किया जाता है। कारवाही के समय दोनों पक्षों के पक्ष सुने जाते हैं।

चार्टर के अनुच्छेद 94 में यह अंकित है कि "संयुक्त राष्ट्र का प्रत्येक सदस्य इस बात का दायित्व अपने पर लेता है कि वे जिस अभियोग या विषय में एक पक्ष के रूप में सम्मिलित होगा, वह उस अभियोग के विषय में अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय के निर्णय का पालन करेगा। यदि इस न्यायालय के निर्णय से उत्पन्न हुए दायित्वों को अभियोग में सम्मिलित कोई पक्ष पूरा नहीं करता, तो दूसरा पक्ष सुरक्षा परिषद् में पहुंच कर सकता है। ऐसी अवस्था में सुरक्षा परिषद् जो भी उचित समझेगी, वह कार्यवाही करेगी।"

अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय की विधि इस प्रकार है-

(1) न्यायालय अन्तर्राष्ट्रीय कानूनों के अनुसार उसको सौंपे गए विवादों निर्णय करेगा। निर्णय करते समय निम्न स्रोतों को काम में लाया जाएगा।

(i) सामान्य या विशेष अन्तर्राष्ट्रीय प्रलेख।

(ii) अन्तर्राष्ट्रीय रीति-रिवाज।

(iii) सभ्य राष्ट्रों द्वारा स्वीकृत विधि के सामान्य सिद्धान्त।

(iv) अन्तर्राष्ट्रीय विधि के विशेषज्ञ।

(2) अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय का निर्णय अन्तिम होता है और उसके विरुद्ध कोई भी अपील नहीं की जा सकती। परन्तु अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय को अपने निर्णयों पर पुनः विचार करने की शक्ति प्राप्त है।

न्याय के अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय का क्षेत्राधिकार (JURISDICTION OF THE INTERNATIONAL COURT OF JUSTICE)

अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय की संविधि के अनुच्छेद 34 में यह कहा गया है कि कोई व्यक्ति इस न्यायालय में अपना अभियोग नहीं ले जा सकता, अर्थात् अभियोग व्यक्तियों में नहीं हो सकते। इस न्यायालय में केवल राज्य ही अपना अभियोग ले सकते हैं।

अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय के क्षेत्राधिकार को तीन भागों में बांटा जा सकता है :-

(i) ऐच्छिक क्षेत्राधिकार

(ii) अनिवार्य क्षेत्राधिकार और

(ii) परामर्शदात्री क्षेत्राधिकार।

इन तीनों प्रकार के क्षेत्राधिकारों का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है-

(i) ऐच्छिक क्षेत्राधिकार (Optional Jurisdiction)- ऐसा अधिकार क्षेत्र अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय को तब प्राप्त होता है यदि सम्बन्धित राज्य यह घोषणा करते हैं कि वे अपने विवाद का निर्णय अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय द्वारा करवाना चाहते है। इस अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय द्वारा उन सभी प्रश्नों पर विचार किया जाता है, जो प्रश्न सम्बन्धित राज्य इसके सम्मुख लाते हैं।

(ii) अनिवार्य क्षेत्राधिकार (Compulsory Jurisdiction) - राष्ट्र स्वयं घोषणा करके निम्नलिखित क्षेत्रों में अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय के अनिवार्य क्षेत्राधिकार को स्वीकार कर सकता है-

(1) सन्धि की व्याख्या।

(2) अन्तर्राष्ट्रीय विधि से सम्बन्धित विषय।

(3) किसी ऐसे तथ्य का अस्तित्व जिसके प्रमाणित हो जाने पर किसी अन्तर्राष्ट्रीय कर्तव्य का अतिक्रमण समझा जाए।

(4) किसी अन्तर्राष्ट्रीय कर्तव्य के अतिक्रमण की स्थिति में हानिपूर्ति का रूप और परिणाम इत्यादि।

(iii) परामर्शदात्री क्षेत्राधिकार (Advisory Jurisdiction)- संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अनुच्छेद 96 में इस न्यायालय का परामर्शदात्री अधिकार का उल्लेख किया गया है। इस अनुच्छेद में यह व्यवस्था है कि संयुक्त राष्ट्र की महासभा या सुरक्षा परिषद् किसी प्रश्न के विषय में परामर्शदायी मत देने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय को अनुरोध कर सकता है।

